दैनिक

आर.एन.आई.नं.- MPHIN /2012/64802

E-Mail-parihargarjana@gmail.com

# परिहार गर्जना

संस्थापक- स्व.वीर सिंह परिहार चौका

संपादक - रामबाबू सिंह परिहार मो. 9755204916

वर्ष 13 | अंक 147 | छतरपुर, सोमवार 23 दिसम्बर 2024 | मूल्य 1.00 रूपये | पृष्ठ 16

### लगभग 2 घंटे देरी से पहुंचे मुख्यमंत्री, निवाड़ी की धरती पर लगाया पौधा, कन्या पूजन के साथ केन बेतवा लिंक परियोजना के शुभारंभ अवसर पर आने का दिया आमंत्रण

## हर खेत को पानी हर हाथ को कम हमारी सरकार का संकल्प - मुख्यमंत्री






**राजा खरे**

परिहार गर्जना न्यूज। निवाड़ी। देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेई के द्वारा नदी से नदी जोड़ने के देखे गए सपने को साकार रूप देने के लिए भारत सरकार द्वारा पहला प्रयास केन बेतवा लिंक परियोजना से किया जा रहा है। केन बेतवा लिंक परियोजना के शुभारंभ पर जिले वासियों को आमंत्रण देने प्रदेश के मुख्यमंत्री आज जिला मुख्यालय पर पहुंचे जहां उन्होंने दिनांक 25 दिसंबर को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में केन बेतवा लिंक परियोजना के शुभारंभ अवसर पर आने का सभी को निमंत्रण दिया। प्रदेश में डॉक्टर मोहन यादव के नेतृत्व में चल रही सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर संपूर्ण प्रदेश में मनाय जा रहे मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के तहत आज जिला मुख्यालय पर केन बेतवा लिंक परियोजना के शुभारंभ के पूर्व किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 2 घंटे देरी से पहुंचे प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने निवाड़ी की धरती पर अपना पहला कदम रखते ही पौधा लगाया तथा मंच पर पहुंचकर कन्या पूजन करते हुए समस्त जिले वासियों को केन बेतवा लिंक परियोजना के शुभारंभ अवसर पर आने का आमंत्रण दिया। केन बेतवा लिंक परियोजना के शुभारंभ अवसर पर आयोजित किसान सम्मेलन में पहुंचे प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का विधायक अनिल जैन भाजपा के जिला अध्यक्ष अखिलेश अयाची सहित नगर परिषद के अध्यक्ष गुलाब अहिरवार एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर विधायक अनिल जैन ने विधानसभा क्षेत्र निवाड़ी में मुख्यमंत्री के आगमन पर स्वागत करते हुए क्षेत्र के विकास के लिए कई मांगे रखी तथा केन बेतवा लिंक परियोजना में निवाड़ी को शामिल किए जाने पर एवं निवाड़ी को केंद्रीय विद्यालय की सौगात देने पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार व्यक्त किया। इसके साथ-साथ विधायक श्री जैन ने कहा कि भगवान श्री राम राजा सरकार के आशीर्वाद से ही डॉ मोहन यादव उच्च शिक्षा मंत्री से प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में उच्च पद पर पहुंचे हैं।

***सब कुछ बेच देना लेकिन खेती की जमीन नहीं बेचना - मुख्यमंत्री***

जिला मुख्यालय पर संचालित शासकीय महाविद्यालय के मैदान पर आयोजित किसान सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि आजादी के समय से ही बुंदेलखंड वासियों का संघर्ष हमेशा ही देश हित में रहा है बुंदेलखंड ही वह धरती है जहां बलिदान देना सर्वोपरी समझ गया लेकिन गुलामी स्वीकार नहीं की गई और अब देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा बुंदेलखंड वासियों के संघर्ष का ऋण ब्याज सहित केन बेतवा लिंक परियोजना के माध्यम से चुकाया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि हमें तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा विकसित मध्य प्रदेश की मजबूत नींव के साथ प्रदेश सोपा गया था और अब हम अपने प्रदेश को स्वर्णिम मध्य प्रदेश बनाने जा रहे हैं जिसमें केन बेतवा लिंक परियोजना की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी, अब हमारे बुंदेलखंड वासियों का हर सपना पूरा होगा तथा हर खेत को पानी और हर हाथ को काम मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि लगभग 500 वर्षों के बाद हमारे आराध्य भगवान श्री राम भव्य मंदिर में विराजे हैं और यह सपना भी देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से पूरा हुआ है और बुंदेलखंड तो भगवान श्री राम राजा सरकार की भूमि है और इसी बुंदेलखंड की धरती के आशीर्वाद से अब बुंदेलखंड वासियों का हर खेत को पानी मिलने का सपना पूरा होने जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि कैन बेतवा लिंक परियोजना का कार्य आज से लगभग 20 वर्ष पहले प्रारंभ होना था लेकिन कांग्रेस की वजह से यह कार्य पूर्ण नहीं हो सका लेकिन अब देश में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार है और प्रदेश में भी डबल इंजन की सरकार है इसलिए अब यह सपना पूरा होने जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि हर हाथ को काम और हर खेत को पानी पहुंचाना हमारी सरकार का संकल्प है और अब हम अपने सभी किसान भाइयों से आग्रह करते हैं कि अपनी ज़रूरतें पूरी करने के लिए सब कुछ बेच देना लेकिन खेती की जमीन किसी कीमत पर नहीं बेचना क्योंकि अब यही खेती की जमीन केन बेतवा लिंक परियोजना से सोना उगलने वाली है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि आज से पहले गीता जयंती कभी नहीं मनाई जाती थी लेकिन हमारी सरकार बनते ही सबसे पहला काम भव्यता के साथ गीता जयंती मनाने का हुआ जिसमें विश्व रिकॉर्ड भी बना इसके साथ-साथ मुख्यमंत्री डॉक्टर यादव ने कहा कि कांग्रेस के एक नेता हैं जो कई वर्षों से सांसद भी रहे हैं और प्रदेश के मुख्यमंत्री भी रहे हैं उनका हेलीकॉप्टर केवल उनके आंगन में ही उतरता है जबकि भाजपा की सरकार में हेलीकॉप्टर की सुविधा आवश्यकता होने पर हर प्रदेशवासी को मिलने लगी है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि हमारी सरकार ने गंभीर बीमारी के मरीज को बड़े अस्पताल में ले जाने के लिए अब हेलीकॉप्टर की सुविधा उपलब्ध कराई है इसके साथ-साथ प्रदेश की भलाई के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि आज मैं आप सभी को आमंत्रण देने आया हूं आप सभी लोग 25 दिसंबर को खजुराहो में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में आयोजित हो रहे केन बेतवा लिंक परियोजना के भूमि पूजन में अवश्य पधारे।

***नव नियुक्त मंडल अध्यक्षों को मंच पर नहीं मिली जगह***

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का आज जिला मुख्यालय पर पहला आगमन था और पहले ही आगमन को लेकर मंच पर स्थान पाने के लिए कई नेताओं को काफी संघर्ष करते भी देखा गया इसके साथ-साथ संगठन के नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों को भी आशा थी कि आज हम लोग भी मुख्यमंत्री के साथ मंच पर बैठेंगे लेकिन नव नियुक्त मंडल अध्यक्षों को मंच पर जगह नहीं मिलने से अधिकांश मंडल अध्यक्षों में निराशा देखी गई तथा आम जनता के बीच खड़े होकर ही मंडल अध्यक्षों के द्वारा कार्यक्रम में सहभागिता की गई।

***कांग्रेसियों को किया नजर बंद***

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के आगमन को लेकर प्रशासन की चाक चौबंद व्यवस्था रही जिसके चलते मुख्यमंत्री के आगमन से पूर्व ही टैक्सी स्टैंड पर काला झंडा लेकर बैठे कांग्रेसियों को पुलिस प्रशासन द्वारा नजर बंद किया गया जिसको लेकर कांग्रेसियों ने बताया कि हम लोग शांतिपूर्ण तरीके से अपने क्षेत्र की मांगों के लिए मुख्यमंत्री को ज्ञापन देने जा रहे थे लेकिन पुलिस ने हमें रोक लिया और कोतवाली में नजर बंद रखा। कांग्रेसियों ने बताया कि हम हम सभी कांग्रेसी लाडली बहना योजना की राशि को 3 हजार किए जाने की मांग को लेकर ज्ञापन दे रहे थे लेकिन पुलिस प्रशासन द्वारा हमें ज्ञापन नहीं देने दिया गया और कोतवाली में नजर बंद किया गया। नजर बंद किए गए कांग्रेसियों में कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष राजेश यादव जिला महामंत्री अनूप बडोनिया विमलेश राय समीर तिवारी पुष्पेंद्र सिंह दांगी कल्याण सिंह दांगी सहित कई कांग्रेसी शामिल रहे।

***विधायक अनिल जैन ने रखी मांगे***

प्रदेश की मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव का जिला मुख्यालय पर प्रथम आगमन होने पर विधायक अनिल जैन के द्वारा आत्मीय स्वागत करते हुए अपने क्षेत्र के लिए कुछ मांगे रखी गई जिनमें विधायक अनिल जैन द्वारा मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के समक्ष रखी गई मांगो मैं जिला मुख्यालय पर एक समुचित सुविधाओं के साथ बस स्टैंड के निर्माण की माँग निवाड़ी जिले के स्थापना दिवस पर दिनांक 1 अक्टूबर को तीन दिवसीय गौरव महोत्सव के आयोजन के साथ-साथ विधानसभा क्षेत्र निवाड़ी के तीनों नगरीय क्षेत्र में पांच पांच करोड़ रुपए की राशि विकास कार्यों के लिए दिए जाने की मांग रखी जिस पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने निवाड़ी जिले के स्थापना दिवस पर तीन दिवसीय गौरव दिवस की घोषणा करते हुए विधायक अनिल जैन के द्वारा रखी गई सभी मांगों को पूरा किये जाने का आश्वासन दिया। इसके साथ-साथ पृथ्वीपुर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेता अनिल पांडे ने भी केन बेतवा लिंक परियोजना से संपूर्ण पृथ्वीपुर विधानसभा को जोड़े जाने की तथा सिमरा से पृथ्वीपुर रोड को डबल रोड किए जाने की इसके साथ-साथ सिमरा अस्पताल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घोषित किए जाने सहित दिगौड़ा में महाविद्यालय खोले जाने की मांग रखी। मुख्यमंत्री के आगमन पर खंगार क्षत्रिय समाज के राष्टीय अध्यक्ष रमेश खंगार के द्वारा तीन दिवसीय गढ़कुंडार महोत्सव में आने का निमंत्रण प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को दिया गया।

***मंच से उतारे गए कई नेता***

कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ की चाक चौबंद व्यवस्था के चलते जहां कार्यक्रम को भव्यता प्रदान की गई वहीं कई भाजपा के नेताओं को मंच बैठक में नाम न होने पर नीचे उतारा गया। मुख्यमंत्री के आगमन पर जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि भी मंच पर पहुंचे लेकिन मंच बैठक में उनके नाम न होने पर जिला प्रशासन द्वारा उन्हें भी मंच से नीचे उतारा गया हालांकि मंच से उतारते समय जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि अपने आप को वरिष्ठ भाजपा नेता बताते रहे लेकिन प्रशासन द्वारा किसी की भी नहीं सुनी गई और वरिष्ठ नेताओं को मंच से नीचे उतार दिया गया।

# घुवारा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक हुई संपन्न

राजाराम साहू

परिहार गर्जना न्यूज। घुवारा। सभी कांग्रेस पाधिकारी व कांग्रेस कार्यकर्ताओं में समन्वय व पार्टी को मजबूती प्रदान करने हेतु ,संगठन को नई ऊर्जा देने हेतु नवनियुक्त जिला कांग्रेस के प्रभारी डबरा विधायक सुरेश राजे जी व सहप्रभारी दिग्विजय सिंह गौर अम्मू राजा जी ,जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महाप्रसाद पटेल जी के द्वारा ब्लॉक घुवारा में संगठनात्मक बैठक सम्पन्न हुई ! इस मौके पर बड़ामलहरा विधायक सुश्री राम सिया भारती जी ,यूथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष लोकेंद्र वर्मा जी, सेवादल जिला अध्यक्ष ज्ञानेंद्र परमार जी ,आईटी सेल जिला अध्यक्ष दीपांशु यादव जी ,वरिष्ठ कांग्रेसी रक्षपाल यादव जी ,घुवारा ब्लॉक अध्यक्ष शैलेश जैन जी ,यूथ विधानसभा अध्यक्ष गजेंद्र सिंह परमार जी ,नरेश पटेल जी ,आईटी सेल विधानसभा अध्यक्ष बिहारी प्रजापति जी सहित मुख्य कॉंग्रेस मुख्य पधिकारी व कार्यकर्तागण मुख्य रूप से उपस्थित रहे !



# दिव्यांग कल्याण समिति कार्यालय खजुराहो में ग्रामीण महिलाओं ने सीखा ज्वैलरी बनाना

तुलसीदास सोनी

परिहार गर्जना न्यूज। खजुराहो। दिव्यांग कल्याण समिति कार्यालय खजुराहो में ग्रामीण क्षेत्र की 35 महिलाओं ने कॉस्ट्यूम ज्वैलरी बनाने का प्रशिक्षण लिया जिसमें नेकलेस, चूड़ी, कंगन, गले के हार अन्य ज्वैलरी से संबधित विभिन्न सामग्री बना सिखा यह प्रशिक्षण 13 दिन चला और ग्रामीण महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया यह प्रशिक्षण आरसेटी सेंटर के सहयोग से किया गया समिति के सदस्य ने जानकारी देते हुए बताया कि आगे भी जूट से बनने वाली संबधित सामग्री सिखाई जाएगी और सिलाई, ब्यूटी पॉर्लर आदि का प्रशिक्षण दिया जाएगा जिन महिलाओं को सीखना है वह दिव्यांग कल्याण समिति कार्यालय बैनी गंज रोड,खजुराहो में आवेदन कर सकते हैं।




# ग्राम पंचायत करीं में मुख्यमंत्री जनसेवा कल्याण शिविर लगाकर सुनी गई जनता की समस्याएं

परिहार गर्जना न्यूज। छतरपुर। जिले की राजनगर जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत करीं में आज दिनांक 22 दिसंबर 2024 को मुख्यमंत्री जनसेवा कल्याण शिविर का आयोजन शासन द्वारा किया गया जिसमें मुख्य रूप से श्रीमती ममता शर्मा मंडी सचिव राजनगर पंचायत सेक्टर अधिकारी और मेडीकल आफिसर डाक्टर एस आर वर्मा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताएं सहायिकाएं पशु-चिकित्सक डाक्टर आनंद कुमार वर्मा पंचायत सचिव छोटेलाल पटेल गांव की सरपंच कुंवारी लच्छी अहिरवार जनप्रतिनिधि के रूप में मौजूद रहीं और शिविर के माध्यम से प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया गया पेंशन राशन आवास जैसी विभिन्न शासकीय योजनाओं से वंचित लोगों के आवेदन लिए गए जिनको वरिष्ठ कार्यालय भेजकर शीघ्र ही कार्यवाही करते हुए लोगों को शासन की तमाम जनहितैषी योजनाओं का लाभ दिलाने का सफलतम प्रयास किया गया इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत रोजगार सहायक नीलम तिवारी उपमंत्री और हल्का पटवारी अनुपस्थित पाए गये इन्होंने कार्यक्रम में भागीदारी करना उचित नहीं समझा सरपंच कुंवारी लच्छी अहिरवार ने बताया कि मुख्यमंत्री जनसेवा कल्याण अभियान 17 सितंबर 2024 से मध्यप्रदेश शासन द्वारा सरकार की जनहितैषी योजनाओं का लोगों को लाभ देने के लिए जन जन को शासकीय योजनाओं से जोड़ने हेतु चलाया जा रहा है एवं शिविर के माध्यम से लोगों से 25 दिसंबर को केन बेतवा लिंक परियोजना का शिलान्यास करने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी दी खजुराहो आ रहे हैं जिसके लिए अधिक से अधिक संख्या में उनका स्वागत करने के लिए पहुंचने को पीले चावल देकर अपील की गई है।



# स्व. भैयालाल शुक्ल स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ समापन

## उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने विजेता व उप विजेता टीम को किया पुरस्कृत






भोपाल 22 दिसम्बर। स्व. भैयालाल शुक्ल स्मृति टेनिस बाल क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल के मुख्य आतिथ्य में हुआ। उप मुख्यमंत्री ने विजेता व उप विजेता टीम को पुरस्कृत किया।

विश्वविद्यालय स्टेडियम में राष्ट्रीय एकता मंच के तत्वाधान में आठ दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के समापन अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि मेरे पूज्य पिता जी की पुण्य स्मृति में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले टूर्नामेंट के आयोजक बधाई के पात्र हैं। इस आयोजन में मेरा कोई योगदान नहीं रहता आयोजक अपनी क्षमता के साथ समर्पणभाव से आयोजन करते है। इस आयोजन में आकर पूज्य पिताजी की याद ताजा हो जाती है। उनका चरित्र, संस्कार व सेवाभाव सही रास्ते पर जाने की प्रेरणा देता है। श्री शुक्ल ने विजेता व उप विजेता टीम को बधाई देते हुए कहा कि हार में भी जीत है अत- जो टीम जीती वह तो बधाई की पात्र है ही बल्कि जो हारी है वह आगे पूरी तैयारी से प्रतियोगिता में भाग लेगी।

नगरीय विकास एवं आवास राज्य मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने कहा कि क्रिकेट हमारे देश का हर वर्ग का लोकप्रिय खेल है। प्रधानमंत्री जी ने खेलों की लोकप्रियता के लिये खेलों इंडिया खेलों का संदेश दिया है जिससे हमारे देश के खिलाड़ी राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर सभी खेल विधाओं में अपना परचम लहरा रहे हैं। श्रीमती बागरी ने कहा कि खेल जीवन में आगे बढ़ने व स्वस्थ्य शरीर के लिये आवश्यक है। उन्होंने आयोजकों को उत्कृष्ट खेल प्रतियोगिता आयोजन की बधाई दी। प्रतियोगिता में विजेता टीम शिवान्या होम्स जबलपुर को 3 लाख रूपये तथा ट्राफी प्रदान की गई जबकि उप विजेता के.टी. रिसोर्ट एवं कामधेनु टीम को 1.5 लाख रूपये तथा ट्राफी पुरस्कार स्वरूप प्रदान की गई।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, कुलगुरू अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय डॉ. राजकुमार आचार्य, पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी, अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, डॉ. राहुल मिश्रा, राजेश पाण्डेय, वार्ड पार्षदगण तथा बड़ी संख्या में खेल प्रेमी जन उपस्थित रहे।

# मोती नगर थाना टी आई की शानदार कार्यवाही लगातार जारी 24 घंटे में किया लूट का खुलासा

परिहार गर्जना न्यूज। सागर / पुलिस थाना मोतीनगर क्षेत्र अंतर्गत दिनांक 21.12.2024 को प्रात: करीब 06.00-06.15 के मध्य फरियादी सुनील लहरवाली निवासी सिंधीकेंप ने अपनी स्कूटी से मोतीनगर क्षेत्र में खुरई रोड ओवर ब्रिज के ऊपर जाते समय रास्ता रोककर आखों में मिर्ची पाउडर डालकर 45 लाख रूपयों से भरे बैग को अज्ञात कुछ लोगों द्वारा लूट कर भाग जाने की घटना की सूचना मोतीनगर पुलिस को दी गई था थाना प्रभारी मोतीनगर जसवंत सिंह राजपूत स्वयं cctv कंट्रोल रूम में पहुंचकर संबंधित अधिकारियों को निर्देश देकर, घटना स्थल पर पहुंचे सभी टीमों का लगातार निर्देशन किया इसी क्रम में तमाम सीसीटीवी फुटेज, मुखबिर तंत्र वैज्ञानिक साक्ष्यों से ज्ञात हुआ एक सफेद रंग की वैन्यू कार और एक लाल रंग की मोटर साईकिल से आये बदमाशों के द्वारा लूट की वारदात को अंजाम दिया गया था। वरिष्ठ अधिकारियों के कुशल नेतृत्व व मार्गदर्शन में पुलिस के द्वारा घटना में प्रयुक्त वाहनों, लूट की राशि एवं 06 संदेहियों को 24 घंटे के अंदर दस्तयाब किया जाकर अभिरक्षा में लिया गया हैं, जिनसे घटना के संबंध में विस्तृत पूछताछ की जाकर कार्यवाही जारी है। पुलिस महानिरीक्षक सागर जोन सागर द्वारा आरोपियों को गिरफ्तार कर लूट की रकम बरामद करने वाली टीम को 30 हजार रुपए के नगद पुरस्कार से पुरस्कृत करने की घोषणा की गई है।



# वर्तमान में सनातन धर्म की महत्ता विषय पर डॉ. श्रेयांश द्विवेदी ने दिया व्याख्यान

## पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास की आठवीं व्याख्यानमाला संपन्न

छतरपुर। समाज एवं पीड़ित मानवता की सेवा के साथ ही समाज के सभी वर्गों के उत्थान के लिए क्रियाशील पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास अपने विविध कार्यक्रमों एवं आयोजनों के द्वारा समाज को सशक्त बनाने में महती भूमिका का निर्वहन करता है। इसी क्रम में सेवा न्यास की ओर से छतरपुर में हर वर्ष आयोजित की जाने वाली व्याख्यानमाला का आठवीं आयोजन रविवार को किया गया।

वर्तमान में सनातन धर्म की महत्ता विषयक व्याख्यानमाला के मुख्य वक्ता शिक्षाविद्, चिंतक एवं संस्थापक कुलपति, महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय, कैथल, हरियाणा, पूर्व उपाध्यक्ष हरियाणा संस्कृत अकादमी पंचकूला डॉ. श्रेयांश द्विवेदी रहे जिन्होंने अपने उद्बोधन में सनातन धर्म की महत्ता पर प्रकाश डाला। जबकि इससे पहले पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष, शिक्षाविद एवं समाजसेवी डॉ. राकेश मिश्र ने प्रास्ताविक भाषण दिया। व्याख्यानमाला के विशिष्ट अतिथि दयानिधि उरमलिया नागपुर रहे, जिन्होंने संक्षिप्त उद्बोधन देकर अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर कार्यक्रम के संयोजक विनोद कुमार रावत मंचासीन रहे, जबकि श्रोता दीर्घा में बड़ी संख्या में नगर के गणमान्यजनों की उपस्थिति रही।



# विधायक निर्मला सप्रे बीना क्षेत्र की जनता को रेलवे संबंधी सुविधाएं दिलाने के लिए लगातार प्रयासरत हैं

**-विधायक निर्मला सप्रे के प्रयास से सागर रेलवे गेट पर बनेगा फुट ओवरब्रिज**

**-4 माह पूर्व रेलमंत्री वैष्णव एवं डीआरएम से की थी फुट ओवरब्रिज की मांग**

**-साढ़े 4 करोड़ की लागत से बनेगा फुट ओवरब्रिज - रेलवे ट्रेक पार करने के जोखिम से मिलेगी मुक्ति**

**बीना विधानसभा क्षेत्र के चहुमुखी विकास के लिए कृत संकल्पित होकर विधायक निर्मला सप्रे जिस गति से शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों का विकास करा रही हैं उनमें उनके कई दूरदर्शी व बुद्धिमत्ता पूर्ण तरीके से लिए गए निर्णय की परिणति सामने आने लगी है। विधायक द्वारा 13 सितंबर को रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव एवं मंडल रेल प्रबंधक को 4 माह पूर्व विधायक द्वारा पत्र लिखकर सागर रेलवे गेट पर फुट ओवरब्रिज की आवश्यकता और उसके निर्माण की मांग की गई थी, जिसे रेलवे ने स्वीकृत करके सर्वे प्रक्रिया प्रारंभ कर दी थी। हाल ही में उक्त एफओबी के एस्टीमेट 4 करोड़ 60 लाख रुपए की स्वीकृति दे दी गई है जिससे रेलवे गेट बंद होने के कारण ट्रेक पार करने वाले हजारों लोगों एवं व्यापारियों की समस्याओं का स्थाई समाधान होगा।**



**राजेश बबेले**

परिहार गर्जना न्यूज। बीना। विधायक निर्मला सप्रे के दूरदर्शिता पूर्ण निर्णयों का लाभ बीना विधानसभा क्षेत्र की जनता को मिलना शुरू हो गया है। जहां राज्य सरकार की ओर से सैंकड़ों करोड़ रूपयों के विकास कार्य स्वीकृत हुए हैं वहीं केंद्र सरकार से भी विधायक निर्मला सप्रे बीना क्षेत्र की जनता को रेलवे संबंधी सुविधाएं दिलाने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। विधायक निर्मला सप्रे के प्रयासों से बीना रेलवे स्टेशन के पास सागर गेट क्रमांक 307 के पास पैदल आवागमन हेतु फुट ओवरब्रिज की आवश्यकता को लेकर रेल मंत्री एवं डीआरएम को पत्र सौंपे गए थे। जिसमें उन्होंने मांग की थी कि आम जनता और पैदल आने-जाने वालों के लिए बीना स्टेशन को बड़ी बजरिया और शहर से जोड़ने के लिए सागर गेट क्रमांक 307 मुख्य मार्ग है।

***वृद्धों और महिलाओं को होती थी रेल लाइन क्रास करने में असुविधा***

उक्त गेट के पास ओवरब्रिज और अंडरब्रिज होने के बावजूद महिलाओं, छात्र-छात्राओं, छोटे बच्चों और वृद्धों की सुरक्षा की दृष्टि से एक फुट ओवरब्रिज की आवश्यकता है जिससे ये रेलवे लाइन क्रास कर सकें। विधायक ने अपने पत्र में यह स्पष्ट किया था कि रेलवे लाइन क्रास करने के लिए एक किलोमीटर की लंबी दूरी तय करना पड़ती है, खासतौर पर रात्रिकालीन समय में वृद्ध और महिलाएं अपने आपको असुरक्षित महसूस करते हैं। जिस कारण वे अपने गंतव्य तक पहुंचने में असमर्थ रहते हैं।

***रेल मंत्री एवं डीआरएम को लिखे थे पत्र***

विधायक निर्मला सप्रे ने अपने पत्र में मांग की थी कि जो अंडरब्रिज बनाया गया है उसमें पैदल आने-जाने वाले लोगों के लिए कोई फुटपाथ नहीं है जिस कारण अंडरब्रिज से गुजरते समय महिलाएं असुरक्षित तो महसूस करती हैं कई वाहन दुर्घटनाएं भी यहां हो चुकी है, बारिश के दिनों में अंडरब्रिज में लगभग 2 फुट से ऊपर पानी का भराव होता है और इस जलभराव की स्थिति में पैदल नहीं निकला जा सकता। इन तमाम परेशानियों को देखते हुए सागर गेट क्रमांक 307 पर शीघ्रातशीघ्र फुट ओवरब्रिज का निर्माण हो। केंद्र सरकार ने और रेलवे मंत्रालय ने विधायक निर्मला सप्रे की इस मांग के आधार पर सर्वे कराया और एफओबी के एस्टीमेट के लिए स्वीकृति दे दी है। विधायक की मांग के बाद डीआरएम ने स्वयं समस्याओं के संदर्भ में स्थल निरीक्षण किया था और रेलवे गेट स्थाई रूप से बंद होने के कारण लगभग 6 हजार से भी अधिक लोग प्रभावित होने की बात कही थी। विधायक निर्मला सप्रे ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव एवं मंडल रेल प्रबंधक का आभार व्यक्त किया है। जिन्होंने उनकी मांग को गंभीरता से लेते हुए हजारों लोगों की समस्याओं को ध्यान में रखा और फुट ओवरब्रिज के लिए 4 करोड़ 60 लाख रुपए स्वीकृत किए।

***इनका कहना है***

बीना का सागर रेलवे गेट क्रमांक 307 स्थाई रूप से बंद होने के कारण रेलवे कॉलोनी, रेलवे स्टेशन एवं अन्य 4 वार्डों के हजारों लोग परेशान थे उनकी परेशानियों को ध्यान में रखते हुए मैंने रेल मंत्रालय एवं मंडल रेल प्रशासन से पत्र लिखकर फुट ओवरब्रिज की मांग की थी मुझे खुशी है कि रेल मंत्रालय ने मेरी इस मांग के आधार पर प्राथमिकता से सर्वे कराया और 4 करोड़ 60 लाख रुपए की लाग से फुटओवरब्रिज का निर्माण होगा जिससे क्षेत्र की हजारों जनता लाभांवित होगी।

***श्रीमति निर्मला सप्रे***
***विधायक बीना***

# ध्यान से हमारे अंदर सकारात्मक ऊर्जा आती है - डॉ0घनश्याम भारती

**विश्व ध्यान दिवस तथा राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन**



परिहार गर्जना न्यूज। गढाकोटा। शासकीय महाविद्यालय शाहपुर में महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की स्मृति में राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन किया गया। साथ ही विश्व ध्यान दिवस का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 घनश्याम भारती ने की। कार्यक्रम का संचालन डॉ0खुशबू त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन से हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 घनश्याम भारती ने कहा की हमें प्रतिदिन सुबह उठकर ध्यान करना चाहिए। ध्यान से हमारे अंदर सकारात्मक ऊर्जा आती है। वहीं दूसरी ओर राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर डॉ0 भारती ने कहा कि हमारे दैनिक जीवन में गणित का विशेष महत्व है। गणित के महत्वपूर्ण अंक शून्य का आविष्कार हमारे ही देश में हुआ। श्रीनिवास रामानुजन देश के महान गणितज्ञ थे जिनके जन्म दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया जाता है। प्राध्यापक डॉ. आर. एस. दांगी ने कहा कि युवाओं को योग और ध्यान से जुड़ना चाहिए क्योंकि योग और ध्यान से हमारा शरीर निरोग बनता है। कार्यक्रम में डॉ. खुशबू त्रिपाठी द्वारा गणित के महत्व को बताते हुए श्रीनिवास रामानुजन जी के जीवन परिचय एवं उनके द्वारा गणित के क्षेत्र में महान योगदान की चर्चा की। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने भी अपने विचार व्यक्त किये। विश्व ध्यान दिवस पर समस्त महाविद्यालय परिवार एवं छात्र- छात्राओं द्वारा ध्यान सत्र का आयोजन किया गया जिसमें क्रीड़ा अधिकारी डॉ. डॉली लचारवार ने ध्यान करने के शारीरिक एवं मानसिक विकास के महत्व को बताया। छात्र-छात्राओं तथा महाविद्यालय के सदस्यों के द्वारा ध्यान किया गया। डॉ रेखा राय, डॉ राजेंद्र खरे एवं डॉ अंजली दुबे द्वारा भी कार्यक्रम में विचार प्रस्तुत किये गए। इस कार्यक्रम में समस्त महाविद्यालयीन सदस्य डॉ प्रिया तिवारी, डॉ पुष्पेंद्र पाठक, डॉ दीपिका तिवारी, डॉ रश्मि पटेल, डॉ रीना वासनिक, डॉ विकास सोनी , श्री देवेंद्र लाहोरिया, नीतेश नामदेव एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन डॉ0अंजली दुबे द्वारा दिया गया।

## सायबर क्राइम बचाव और जागरुकता के लिए नुक्कड़ नाटक आयोजन

**श्रीराम साहू**

परिहार गर्जना न्यूज। सागर। भारतीय रिजर्व बैंक, सहयोग सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया, इंडिया बैंक, समुज्जवल स्ट्रीट थियेटर ग्रुप द्वारा सागर शहर के दो मुख्य स्थानों सागर बस स्टैंड, कलेक्टर ऑफिस सागर, साइबर क्राइम, ओटीपी संबंधित जानकारी दी गई,में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। यह नाटक के निदेशक एवं लेखक जयेश बामनिया द्वारा तैयार किया गया। कलाकार नाम - जयेश बामनिया, अंजली बामनिया, देवांश, दिव्यांशु, आराध्या,आरबीआई रिजर्व बैंक ऑफ़ इंडिया । की योजनाओं को नुक्कड नाटक के माध्यम से समझाया 1. साइबर क्राइम, ओटीपी नहीं देना चाहिए, 2. प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना। 3. प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना। 4. अटल पेंशन योजना। 5. सुकन्या समृद्धि योजना।



# जो पूर्व जनप्रतिनिधि नहीं कर पाए वो वर्तमान विधायक सप्रे ने कर दिखाया

## विधायक निर्मला सप्रे के प्रयासों से बीना को मिली 150 करोड़ की सड़कों और पुलों की ऐतिहासिक सौगात

परिहार गर्जना न्यूज। बीना। जो पूर्व जनप्रतिनिधि नहीं कर पाए वो वर्तमान विधायक सप्रे ने कर दिखाया विधायक निर्मला सप्रे के प्रयासों से बीना को मिली 150 करोड़ की सड़कों और पुलों की ऐतिहासिक सौगात। उल्लेखनीय है कि विकास की नई गाथा लिखते हुए बीना विधानसभा क्षेत्र को विधायक निर्मला सप्रे के अथक प्रयासों और मुख्यमंत्री मोहन यादव के सहयोग से लगभग 150 करोड़ रुपये की सड़कों और पुलों का तोहफा मिला है। हाल ही में पेश किए गए मध्य प्रदेश के अनुपूरक बजट में लोक निर्माण विभाग के तहत बीना क्षेत्र के लिए 22 बड़ी परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई। इन परियोजनाओं के तहत सड़क और पुल निर्माण का कार्य जल्द ही शुरू किया जाएगा।



***निर्मला सप्रे- विकास की धुरी बनीं विधायक***

विधायक निर्मला सप्रे ने बीना क्षेत्र के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है।उनकी निरंतर सक्रियता और जनता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के चलते बीना को एक के बाद एक बड़ी सौगातें मिल रही हैं। इन विकास कार्यों से क्षेत्र का इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत होगा और ग्रामीण से लेकर शहरी क्षेत्र के लोगों को सीधा लाभ मिलेगा।

***150 करोड़ की परियोजनाएं- हर गांव, हर सड़क को जोड़ने की पहल***

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने विधायक सप्रे की मांगों को ध्यान में रखते हुए बीना क्षेत्र के लिए निम्नलिखित सड़क और पुल परियोजनाओं की मंजूरी दी है-,बीना से देवल पहुंच मार्ग (18 कि.मी.) लागत- ?24.3 करोड़ यह मार्ग हडकल जैन, उमरिया, दुधावनी और पालीखेड़ा को जोड़ेगा। .भानगढ़ से गिरोल मार्ग (18.5 कि.मी.)लागत- ?24.97 करोड़ ग्रामीण क्षेत्रों को मुख्य बाजारों से जोड़ने वाला यह मार्ग क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करेगा।.गढ़ा पडरिया से बीना-कुरवाई पहुंच मार्ग पर पुल निर्माण लागत- ?6.5 करोड़ .मंडी बामोरा-विदिशा मार्ग पर रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) निर्माण लागत- ?5.4 करोड़ यातायात को सुगम बनाने के लिए यह एक बड़ी परियोजना है। .गणेशा नदी पर पुल (नौगांव प्रधानमंत्री सड़क योजना) लागत- ?4.5 करोड़ ,खिमलासा-महेरा मार्ग (2 कि.मी.) लागत- 2.7 करोड़।* निर्तला-मंडी बामोरा से भापसोन-पहलेजपुर मार्ग (6.25 कि.मी.) लागत: 8.43 करोड़। * बेरखेड़ी टाड़ा से रिफायनरी गेट नंबर 1 मार्ग (1.2 कि.मी.) लागत- 1.35 करोड़। * बेलई-देहरी मार्ग (4.5 कि.मी.) लागत: 6.07 करोड़। * बसाहरी-बरछा तिराहा मार्ग (4 कि.मी.) लागत - 5.4 करोड़। * बेधई-रुसल्ला मार्ग (3.25 कि.मी.) लागत- 4.38 करोड़। * रुसल्ला-गिरोल मार्ग (3.5 कि.मी.) लागत: 4.72 करोड़। * बसाहरी ढांड से निवारी मार्ग (2.5 कि.मी.) लागत: 3.37 करोड़। * भानगढ़ से खिरिया भगवती-आमखेड़ा मार्ग (4 कि.मी.) लागत- 5.4 करोड़। * देवल से पालीखेड़ा मार्ग (4 कि.मी.) लागत- 5.4 करोड। * हरदौट निबौदिया से ऐरण मार्ग (3 कि.मी.) लागत: 4.5 करोड़ । * पिपरासर महादेव घाट मार्ग (2 कि.मी.) लागत: 2.7 करोड़। * नौगांव-सतौरिया मार्ग से बरौदिया घाट मार्ग (3 कि.मी.) लागत- 4.05 करोड़। ज़्बीना-कंजिया से लहटवास-बिलखना मार्ग (7 कि.मी.) लागत- 9.45 करोड़। ज़निर्तला मंडी बामोरा मार्ग से भापसोन-पहलेजपुर मार्ग (6.25 कि.मी.) लागत: 8.43 करोड़।

# गरीबों को पिलाया जा रहा अवैध शराब के नाम पर धीमा जहर, जुआ-सट्टा का बरपा कहर

## पुरानी टेहरी बनता जा रहा अवैध कारोबारियों का अड्डा, नारेबाजी कर निकाला जुलूस

**सौरभ खरे**

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। गली-कूचों में नशेड़ियों का जमावड़ा देखना हो, तो पुरानी टेहरी चले आओ। इतना ही नहीं जगह-जगह सट्टा की बुकिंग और लगने वाले दांव से मुहल्लावासियों की बर्बादी और भी बढ़ने लगी है। जुआ-सट्टा और अवैध शराब की मार ने परिवारों में विवाद और लड़ाई-झगड़ों को और भी बढ़ा दिया है। इसके साथ ही मुहल्ले की छवि पर भी अवैध कारोबारों के कारण काफी असर देखा जाता रहा है। गरीबी और बर्बादी के चंगुल में फसते जा रहे मुहल्लावासियों ने मुहल्ले को अपराध मुक्त बनाने का संकल्प लिया है। उन्होंने पुरानी टेहरी को जुआ-सट्टा और शराब से मुक्त करने के लिए मुहल्ले में नारेबाजी करते हुए जुलूस निकाला। लोगों ने नारेबाजी करते हुए अवैध शराब बिक्री, जुआ और सट्टा बंद करने की पर जोर दिया। इसके साथ ही मुहल्ले में बाहर से आने वाले असमाजिक तत्वों पर रोक लगाए जाने की भी मांग की। मुहल्लावासियों ने पुलिस प्रशासन से इस दिशा में सख्ती से कदम उठाने की मांग करते हुए शराब माफियाओं पर अंकुश लगाने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि मुहल्ले में शराब की अवैध रूप से बिक्री पर काबू पाने के लिए पुलिस प्रशासन ठोस कदम उठाए। शराब के कारण कई परिवार तबाह हो चुके हैं। इतना ही नहीं यहां नशे की लत के चलते कई परिवार तबाही के कगार पर आ चुके हैं। मुहल्लावासियों ने अवैध कारोबारियों से निबटने तक की ठान ली है। कहा जा रहा है कि इसके लिए जुर्माना और अन्य कार्रवाईयों को अंजाम दिया जा सकता है। आगामी रविवार को मुहल्ले की शांति बनाए रखने के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक कर आवश्यक निर्णय लिए जाएंगे।






आज सुबह से ही पुरानी टेहरी स्थित गौण बब्बा के चबूतरे के पास मुहल्लावासी जमा हुए और मुहल्ले में पनप रहे अवैध जुआ, सट्टा और शराब कारोबारों को बंद कराने का निर्णय लिया गया। उन्होंने पुरानी टेहरी की पुलिस चौकी बंद होने पर भी नाराजगी जाहिर की। इसे पुन: शुरू कराने की आवश्यकता पर बल दिया गया। कहा जा रहा है कि पुरानी टेहरी में असमाजिक तत्वों का आना जाना देर रात तक बना रहता है। जो यहां अवैध शराब के अड्डों पर जाकर शराब पीने के साथ ही उपद्रव करते हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले दो दिनों में अवैध कारोबारियों से अपने-अपने अवैध कारोबार बंद कर अन्य रोजगार करने के लिए कह दिया गया है। इसके बाद यदि मुहल्ले में किसी प्रकार के अनैतिक और अवैध कार्यों को अंजाम दिया गया, तो मुहल्लावासी उनके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई कराने के लिए बाध्य होंगे। सूत्रों का तो यहां तक कहना है कि पुरानी टेहरी में अवैध शराब की बिक्री पुलिस प्रशासन और ठेकेदारों की मिली भगत से अब तक की जाती रही है। धड़ल्ले से होने वाली बिक्री की जानकारी अधिकांश लोगों को होने के बाद भी शहर में अवैध शराब बिक्रेताओं पर अंकुश न लगाना मिली भगत और सांठगांठ की ओर इशारा करता है।

***गरीब परिवारों की है बस्ती-***

पुरानी टेहरी मुहल्ले में अधिकांश गरीब और पिछड़े वर्ग के लोग निवास करते हैं। पचास प्रतिशत परिवार मजदूरी और अन्य कामकाज पर ही निर्भर हैं। इन परिवारों को अवैध कारोबारियों ने अपने चंगुल में बुरी तरह से जगड़ रखा है। इन तमाम अपराध जगत में कार्य करने वाले लोगों को राजनैतिक संरक्षण होने से भी इंकार नहीं किया जा सकता है। बताया गया है कि जो लोग इस तरह के कारोबार में लिप्त रहे हैं और अवैध शराब आदि के कारोबार चला रहे हैं, मुहल्लावासियों ने उनसे भी अपने कारोबारों को बंद करने की अपील की है। इसके बाद भी यदि किसी के द्वारा इस तरह के अनैतिक कृत्य किए गए, तो उनसे सख्ती से निबटा जाएगा। बताया गया है कि यह विरोध प्रदर्शन मुहल्लावासियों की आम सहमति से किया गया है। वह जल्दी ही पुलिस अधीक्षक सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों से पुरानी टेहरी सहित अन्य आसपास के इलाकों को अवैध शराब के साथ ही जुआ और सट्टा से मुक्त किए जाने की मांग करेंगे।

***होते रहे हैं आए दिन हादसे-***

शहर के सागर मार्ग पर महेन्द्र सागर किनारे बसा पुरानी टेहरी मुहल्ला अवैध शराब, जुआ-सट्टा सहित अन्य अपराधिक गतिविधियों के कारण संवेदनशील इलाकों में गिना जाता रहा है। यहां अप्रिय घटनाओं के कारण बाहर से आने जाने वालों में भी भय बना रहा है। नशे की लत के कारण कई लोगों को हादसे का शिकार होना पड़ा है। सड़क हादसे के अलावा गिरने से भी नशा करने वालों की जानें गई हैं। शराब ठेकेदारों से लेकर अवैध शराब बिक्रेताओं का जाल इस इलाके में लंबे समय से फैला हुआ है। ऐसा नहीं है कि यहां के अवैध कारोबारियों को पुलिस ने अब तक पकड़ा नहीं है। जो पकड़े भी जाते हैं, वह छूटने के बाद फिर से अवैध कारोबार को अंजाम देने लगते हैं। प्रशासन भले ही यहां के अवैध कारोबार पर रोक लगाने में अब तक कामयाब नहीं हो सका, लेकिन अब लगता है कि मुहल्लावासियों में आई जागरूकता के चलते जल्दी ही इस इलाके का अपराध मुक्त किया जा सकेगा।

***कहां गई पुलिस चौकियां-***

शहर में पूर्व में संवेदनशील इलाकों में पुलिस चौकियां संचालित रही हैं, लेकिन पिछले दो दशक से इन चौकियों का कहीं कोई पता नहीं है। पुरानी टेहरी स्थित पुलिस सहायता केन्द्र का खोका अब नुमायशी बना पड़ा है। यहां बता दें कि नगर के कटरा बाजार, राजमहल तिराहा, पुरानी टेहरी, जिला अस्पताल आदि इलाकों में पुलिस चौकियां स्थापित की गई थीं, जिनमें केवल एक पुलिस सहायता केन्द्र जिला अस्पताल का शेष है, अन्य सहायता केन्द्रों का अब पता नहीं है। इस संबन्ध में पूर्व में आए डीआईजी के समक्ष भी चर्चा की गई थी, लेकिन बात आई गई हो गई। अब देखना है कि शहर की शांति बहाली के लिए पुलिस प्रशासन क्या कदम उठाता है। पूर्व में खोली गई चौकियां क्या पुन: शुरू की जाएगीं।

***यह रहे मौजूद-***

मुहल्ले में निकाले गए जुलूस के दौरान युवाओं ने अवैध शराब सहित जुआ, सट्टा को लेकर अपना विरोध जताया। इस अवसर पर मौजूद युवाओं में हेमंत रैकवार, कमलेश रैकवार, आकाश रैकवार, सूरज रैकवार पेंटर, राजेश रैकवार, शिवा रैकवार, रवि रैकवार, दीनू, शंकर, नरेश, मोनू, उमेश रैकवार, विकास रैकवार, हरचरण रैकवार, सचिन रैकवार, बिक्की रैकवार, राहुल रैकवार, करन रैकवार, अरूण, नीलेश, आनंद, बब्बू रैकवार, रज्जन रैकवार, लकी, विशाल, किशन, सुनील, गोविंदा, गनेश रैकवार, नवल, दीपक रैकवार, विष्णु रैकवार, ललित रैकवार, रेशु, शैलेन्द्र रैकवार, गब्बर रैकवार सहित अनेक मुहल्लावासियों के नाम शामिल हैं।

## यातायात नियमों की दी जा रही जानकारियां, बताई हैलमेट की उपयोगिता

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। जिंदगी कीमती है, इसे बचाने के लिए सावधानी जरूरी है। थोड़ी सी लापरवाही बढ़ा जोखिम खड़ा कर सकती है। लापरवाही से वाहन चलाने वालों को चाहिए कि वह वाहन धीरे चलाएं। इतना ही नहीं वह दुर्घटना से बचने के लिए हैलमेट जरूर लगाएं। वाहनों को धीमी रफ्तार से एवं साइड से चलाए। यह जानकारियां यहां चलाए जा रहे अभियान के दौरान यातायात पुलिस द्वारा दिए जा रहे हैं। बताया गया है कि ट्राफिक थाने द्वारा जागरूकता अभियान निरंतर जारी रखा गया है। एनजीओ संगठन ग्रामीण स्वावलंबन के कार्यक्रम में सम्मिलित सदस्यों को ट्रैफिक नियमों से जागरूक कराया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में थाना यातायात द्वारा जारी जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के चलते अनेक संतोष जनक परिणाम सामने आ रहे हैं। बताया गया है कि पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस राहुल कटरे के मार्गदर्शन में टीकमगढ़ यातायात पुलिस द्वारा निरंतर सक्रिय जागरुकता अभियान आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में 21 दिसम्बर 2024 को थाना यातायात द्वारा एन जी ओ संगठन ग्रामीण स्वावलंबन के तीन दिवसीय कार्यक्रम के आखरी दिवस को कार्यक्रम में शामिल सदस्यों को यातायात नियमों की जागरूकता हेतु कार्यक्रम किया गया। जिसमें उन्हें यातायात नियम, सड़क-सुरक्षा, गुड सेमेरिटन (नेक व्यक्ति) योजना एवं गोल्डन ऑवर (स्वर्णिम एक घण्टा) आदि के विषय में विस्तार पूर्वक समझाया गया एवं जागरुकता पैम्फलेट्स वितरित किए गए, इसके साथ टीकमगढ़ पुलिस द्वारा जारी अभियानों की भी जानकारी दी गई व उन्हें इसका सहभागी बनने की अपील की गई। यातायात पुलिस द्वारा जागरूकता कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाएंगे।

## बिगड़े मुंडों की ली पुलिस ने खबर, कान पकड़कर लगवाई बैठकें

### पुलिस ने 5 सौ से अधिक मजनुओं की अब तक ली खबर, दी समझाईश

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। नगर के चर्चित इलाकों पर पुलिस द्वारा नजर रखी जा रही है। इन दिनों युवतियों एवं युवकों का बढ़ता मेलजोल चर्चाओं में बना हुआ है। मजनूंगिरी के चलते युवतियों के भविष्य से भी खिलवाड़ की आशंका बनी रहती है। लैला-मजनूं के इस खेल में जहां युवतियों की छवि खराब होती रही है, वहीं उनके परिजनों की परेशानियां बढ़ना भी लाजमी हो जाता है। बेटी बचाने और उन्हें रखाने की जिम्मेदारी को पुलिस बखूबी निभाने में लगी है। बताया गया है कि पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ के निर्देशन में महिला थाना पुलिस द्वारा लैला-मजनू अभियान अंतर्गत बीते रोज 21 दिसम्बर 2024 को टीकमगढ़ शहर में विभिन्न स्थानों पर संदिग्धों से पूँछताँछ कर वैधानिक कार्यवाही की गई। बताया गया है कि पुलिस के आंकड़ों को देखकर कहा जा सकता है कि इन दिनों शहर में युवक-युवतियों की कारगुजारियां किस कदर बिगड़ती जा रही है। पुलिस द्वारा इन चंद दिनों में ही अब तक अभियान के दौरान 352 से अधिक मजनुओं को पकड़ा जा चुका है।'पकड़े गए मजनुओं के अभिभावकों को बुलाकर समझाईस दी गई है। कार्यवाही के लिए जा रहे है फ ोटोग्राफ्स लिए जा रहे हैं, जिससे शहर के मजनुओं पर नजर रखने में किसी प्रकार की आने वाले समय में परेशानी न हो। बताया गया है कि पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम, एसडीओपी टीकमगढ़ राहुल कटरे के मार्गदर्शन में 21 दिसम्बर 2024 को महिला थाना पुलिस द्वारा 'लैला मजनू अभियान' के तहत पीजी कॉलेज एवं शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल टीकमगढ़ पास के संदिग्ध स्थानों पर घूम रहे मजनुओं एवं संदिग्ध व्यक्तियों से पूंछतांछ की गई व घूमने का वैध कारण न बता पाने पर वैधानिक कार्यवाही की गई। नगर के होटल, लॉज, धर्मशाला, उपवन पार्क, पिकनिक स्पॉट, तालाब आदि पर लगातार औचक पेट्रोलिंग की जा रही है। पकड़े गए मजनुओं के अभिभावकों को बुलाकर समझाइस दी जा रही है। अभी तक 352 से अधिक मजनुओं पर वैधानिक कार्यवाही की जा चुकी है। टीकमगढ़ पुलिस द्वारा लैला मजनू अभियान के अंतर्गत मजनुओं पर कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।



# पन्ना में संचालित निजी अस्पताल का मामला विधानसभा गूंजा

## क्षेत्रीय विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने उठाया था प्रश्न

**ऋषि मिश्रा**

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना। बुन्देलखण्ड अंचल के पन्ना जिले की पन्ना विधानसभा सीट से भाजपा विधायक एवं पूर्व मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने जिला मुख्यालय में संचालित नजी अस्पताल मैस्कोट का ममाला प्रश्न क्रमांक 923 के माध्यम से विधानसभा में उठाया था अनेक प्रश्नो का जबाब सरकार से मांगा था जिसका जबाब प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव उप मुख्य मंत्री राजेन्द्र शुक्ला द्वारा दिया गया है। ज्ञात हो कि उक्त अस्पताल का संचालन अजयगढ बीएमओ के पद पर पदस्थ रहे डां केपी राजपुत की पत्नी जाग्रती सिंह द्वारा संचालित किया जा रहा है। तथा बताया जाता है। कि विधानसभा के दौरान डां राजपुत द्वारा विधायक बव्रेन्द्र प्रताप सिंह का समर्थन नही किया गया जिससे वह नाराज चल रहे है। इसी के परिणाम स्वरूप अजयगढ़ के पूर्व बीएमओ डॉ. केपी सिंह राजपूत को लगभग सालभर पूर्व अजयगढ़ बीएमओ के प्रभार से हटवाने, जिले से बाहर तबादला करवाने और फिर कथित भ्रष्टाचार के आरोप में एफआईआर दर्ज कराने के बाद विधानसभा में उठाया गया है । डॉ0 राजपूत की पत्नी द्वारा संचालित निजी हॉस्पिटल के पीछे वह हांथ धोकर पड़ गये है। विधानसभा में इसे लेकर जिस तरह से धारदार सवाल पूंछे जा रहे है उससे तो यही प्रतीत होता है कि विधायक श्री सिंह उक्त अस्पताल में ताला लगवाने से कम कुछ भी मंजूर नहीं है।




यह बात अलग है कि फिलहाल उनके प्रयास सफल नहीं हो पा रहे है। डॉ. दम्पति पर विधायक के राजनैतिक हमलों से तराई अंचल के बड़े मतदाता वर्ग में तीव्र अंतसोष एवं आक्रोष पनप रहा है। जिसकी बानगी डॉ. के स्थानांतरण एवं एफआईआर के विरोध स्वरूप लोधी समाज की अगुवाई मे क्षेत्र के सर्वसमाज के लोगों द्वारा दिये गये ज्ञापन पर देखने को मिली थी। डॉ. दम्पति को घुटनों पर लाने के चक्कर में विधायक जी को भाजपा के भी अंदर कड़े विरोध का सामना करना पड़ रहा है। बावजूद इसके वे अपनी जिद पर कायम है।

विदित हो कि वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव में विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने भले ही जीत हांसिल कर ली हो लेकिन इस बार उन्हें कड़ी टक्कर का सामना करना पड़ा था। अजयगढ़ क्षेत्र में भाजपा के वोट बैंक में बड़ी सेंध लगने को लेकर विधायक बृजेन्द्र सिंह व उनके कटटर समर्थक जिन लोगों को जिम्मेदार मानते है उनमें कथिततौर पर अजयगढ के पूर्व बीएमओ डॉ. के.पी. राजपूत नाम भी शामिल है। शायद यही वजह है कि चुनाव के बाद से ही विधायक जी पूरे संकल्प के साथ डॉ. राजपूत के पीछे पड़े है। गौरतलब है डॉ. राजपूत लोधी समाज से आते है। पन्ना विधानसभा सीट में आदिवासी, यादव समाज के बाद लोधी समाज तीसरा सबसे बड़ा वोट बैंक है। चिकित्सा के पेषे से जुड़े डॉ. राजपूत का अजयगढ क्षेत्र में लोधी सहित अन्य समाज में अच्छा खासा प्रभाव है। हालांकि उन्होंने यह प्रभाव अपनी सेवा कार्य के जरिये हासिल किया है। पन्ना सीट से लगातार दूसरी बार विजयी होने के बाद विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह अपने राजनैतिक विरोधियों से चुन-चुन कर निषाने पर ले रहे है। अजयगढ बीएमओ के पद से डॉ. केपी राजपूत को हटवाने के बाद पन्ना जिले के बाहर उनका स्थानांतरण करवा दिया गया। डॉक्टरों की कमी से जूझते पन्ना जिले से डॉ. राजपूत का तबादला होने पर उन्हें गुनौर विधायक डॉ. राजेष वर्मा एवं भाजपा के वरिष्ठ नेताओं का भरपूर साथ मिला था। फलस्वरूप शासन ने डॉ. राजपूत के स्थानांतरण को संषोधित करके उनकी नवीन पदस्थपना पन्ना जिले के देवेन्द्रनगर में कर दी थी। इस फेरबदल को विधायक ने अपनी मात के तौर लिया और फिर विधानसभा में सवाल दर सवाल दागकर डॉ0 राजपूत के विरूद्ध कई महीनों से लंबित कथित भ्रष्टाचार की षिकायत पर अजयगढ़ थाना में आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध करवा दिया। बेहद ही कमजोर तथ्यों पर आधा दर्जन धाराओं में आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध करवाया गया। दर्ज मामले में लगाई गई धराओं को देखकर लगता है कि डॉ. राजपूत को सलाखों के अंदर भेजने का पूरा प्रबंध किया गया। लेकिन माननीय उच्च न्यायालय से अग्रिम जमानत मिल जाने की वजह से फिलहाल यह योजना सफल नहीं हो सकी। दरअसल कथित भ्रष्टाचार मामले की विभागीय जांच में डॉ. राजपूत को मिली क्लीनचिट का लाभ जमानत के तौर पर उन्हें न्यायालय में मिला है। डॉ. राजपूत को घेरने की कोषिषें लगातार जारी है। न्यायालय से जमानत मिलने के बाद भी डॉ. राजपूत की मुष्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही है। अब उनकी पत्नी डॉ. जाग्रति सिंह राजपूत के द्वारा पन्ना मुख्यालय में संचालित मैस्कॉट हास्पिटल की विधायक ने घेराबंदी शुरू कर दी है। विधानसभा के मानसून सत्र एवं शीत सत्र में विधानसभा बृजेन्द्र प्रताप सिंह के द्वारा तकरीबन दर्जनभर प्रष्न पूंछे गये है। जिनमें मैस्कॉट हॉस्पिटल की मान्यता, डायलेसिस जांच की अनुमति, हॉस्पिटल संचालिका डॉ. जाग्रती सिंह की डिग्री, हॉस्पिटल के ऑपरेषन थियेटर के मानक एवं विभिन्न अनुमतियों से संबंधित हैं। विधायक के इन सवालों के जवाब प्रदेष के उपमुख्यमंत्री लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा डॉ. राजेन्द्र शुक्ल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दिये है। विधानसभा में दिये गये उत्तरों से स्पष्ट है कि मैस्कॉट हॉस्पिटल बकायदा आवष्यक अनुमतियां लेकर संचालित किया जा रहा है।

***इनका कहना है-***

दिनांक 9 दिसम्बर को सीएमएचओ कार्यालय की एक टीम अस्पताल के निरीक्षण पर आई थी। इस साल दो विधानसभा सत्रों में पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह के द्वारा मेरे अस्पताल से संबंधित लगभग एक दर्जन प्रश्न विधानसभा में पूंछे गये है। पद और प्रभाव का दुरूपयोग करते हुए मुझे एवं मेरे पति को लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है।

***डॉ. जाग्रति सिह राजपूत संचालिका मैस्कॉट हॉस्पिटल पन्ना***

## आदिवासी दलित क्रांति सेना ने जिला अध्यक्ष कांग्रेस पार्टी को ज्ञापन सौंप कर सहयोग करने की लगाई गुहार



**दयाशंकर दीक्षित**

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना शाहनगर/ शाहनगर में कांग्रेस पार्टी की आयोजित बैठक में सामाजिक संगठन आदिवासी दलित क्रांति सेना शामिल हुआ।आदिवासी दलित क्रांति सेना शाहनगर इकाई- पन्ना के अध्यक्ष रवि धुर्वे ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि शाहनगर क्षेत्र का वन विभाग लगातार आदिवासियों के साथ अत्याचार कर प्रताड़ित किया जा रहा है जिसकी संबंध में 7 नवंबर से लगातार शाहनगर क्षेत्र में वन विभाग का घेराव, चक्का जाम, पुतला दहन कर प्रदर्शन किया जा रहे हैं पर शासन- प्रशासन पर कोई असर नहीं हो रहा है।कुंभकरण नींद से जगाने के लिए आदिवासी दलित क्रांति सेना संगठन द्वाराआगामी समय में जेल भरो आंदोलन तथा शाहनगर से पन्ना की ओर पदयात्रा की योजना बना रही है।एक बड़ा आंदोलन को देखते हुए शाहनगर इकाई द्वारा कांग्रेस पार्टी से ज्ञापन सौंप कर मदद की मांग की है संगठन को कांग्रेस के नेताओं ने आश्वासन भी दिया है। संगठन को जिला प्रभारी श्री यादव द्वारा कहा गया कि जल जंगल जमीन का अधिकार आपका है जिसे आपको दिलाया जाएगा।जिला अध्यक्ष शिवजीत सिंह जी ज्ञापन लेकर अनुभागी अधिकारी महोदय शाहनगर को दूरभाष से फोन पर कहा से कहा कि आदिवासियों के ऊपर हो रहे अत्याचार बर्दाश्त नहीं किए जायेंगे कांग्रेस पार्टी पूरी तरह से आदिवासियों के साथ खड़ा है पगरी ग्राम वासियों को आप उचित न्याय करें मैडम ने शीघ्र ही निराकरण करने को कहा गया।आदिवासी दलित क्रांति सेना इकाई- शाहनगर द्वारा कांग्रेस पार्टी को ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से रवि धुर्वे, हाकम आदिवासी, सरदार सिंह, कल्याण सिंह अन्य साथी उपस्थित रहे।

## ग्राम पंचायत चिकलहाई में सी सी सड़क निर्माण में जमकर भ्रष्टाचार, ठेकेदारों पर अफसर मेहरबान!

पन्ना। ग्राम पंचायत चिकलहाई जनपद पंचायत गुनौर कार्यलय के सामने भारी गंदगी का आलम देखा जा रहा है स्थानीय लोगो द्वारा अनेक बार शिकायत भी की गई लेकिन ग्राम पंचायत के जिम्मेदार द्वारा कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। पुराने सरपंच नंदू गोस्वामी को ठेके पर सरपंची दी गई है और अभी वर्तमान में वो चिकलहाई में सेल्समैन है उन्हीं के हवाले पूरी पंचायत है! सड़क की हालत बेहद बदतर है। निर्माण कार्य में गुणवत्ता की अनदेखी की जा रही है।सीसी रोड निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग! सरकारी कोष से लाखों रुपयों की लागत से निर्मित कराई जा रही सीसी रोड में घटिया निर्माण से सड़कें जगह-जगह धसने की संभावना है।और कुछ जगहों पर जमीन कि खुदाई न होने से ऊपर ही मिट्टी के ऊपर मसाला डालकर सी सी सड़क निर्माण किया जा रहा है , रोलर से कुटाई न होने के कारण अभी से सडक उखडने की पूर्ण संभावना है।

### प्रणामी समाज द्वारा विधायक राजेश वर्मा की उपस्थिती में गर्म कपडे किये वितरित

पन्ना। प्रणामी समाज द्वारा विधानसभा पन्ना के ग्राम रक्सेहा में श्री प्रणामी समाज द्वारा आयोजित स्वेटर्स वितरण कार्यक्रम में गुनोर विधायक श्री राजेश वर्मा उपस्थित रहे इस दौरान उन्होने प्रणामी समाज के धर्म उपदेशक व झरकुआ में शिक्षक योगेश पांडेय अनेक लोग शामिल हुए ।

## इंटरनेशनल अकाउंटिंग स्टैंडर्ड कमेटी ने सरपंच राम शिरोमणि सिंह लोधी को किया सम्मानित

### उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रदान किया गया प्रशस्ति पत्र

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना। जिले की पन्ना जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत दिया के सरपंच एवं पूर्व सैनिक राम शिरोमणि सिंह लोधी को इंटरनेशनल अकाउंटिंग स्टैंडर्ड कमेटी के द्वारा उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र से सम्मानित एवं प्रोत्साहित किया गया है। बताया गया है कि संस्था के द्वारा संस्था या व्यक्ति को उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है, इसके लिए कार्यों का विवरण



एवं विचार लिखित रूप से भेज कर पूर्व में ही पंजीयन करवाना अनिवार्य होता है, साल 2024-25 के लिए मध्य प्रदेश से कई व्यक्तियों के द्वारा पंजीयन करवाया गया लेकिन केवल 2 व्यक्तियों को इसके लिए चुना गया, जिनमें राम शिरोमणि सिंह लोधी भी शामिल हैं, ऑनलाइन वार्तालाप उपरांत भोपाल से आए समर्थन संस्था के संचालक डॉ योगेश के द्वारा पन्ना एवं अजयगढ़ क्षेत्र की 54 पंचायतों के वॉलिंटियर्स के समक्ष श्री लोधी को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया, ज्ञात हो कि श्री लोधी भारतीय सेना में सेवाएं देने के बाद ग्राम पंचायत दिया के सरपंच बने तथा उनके द्वारा ग्राम पंचायत के माध्यम से सामाजिक विकास के कार्य कराये जा रह है इसके अलावा श्री लोधी के द्वारा सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया जाता है, साथ ही सामाजिक उत्थान के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, नशा मुक्ति, राष्ट्रीय एकता और भाईचारा के लिए भी लगातार लोगों को जागरूक करने का काम कर रहे हैं, जिसके लिए इन्हें कई बार अन्य संस्थाओं के द्वारा भी सम्मानित किया जा चुका है लेकिन इंटरनेशनल संस्था के द्वारा सम्मानित किया जाना पूरे पन्ना जिले के लिए गौरव की बात है। श्री लोधी की इस उपलब्धि पर उनके इष्ट मित्रों एवं शुभ चिंतकों के द्वारा शुभकामनाएं एवं बधाइयां दी जा रही हैं।

# 752 मीटर की ऊंचाई पर क्षेत्र वासियों के साथ पहुंचे मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी





**राजकुमार दुबे**

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह। जिले की सबसे बड़ी विधानसभा जबेरा से विधायक श्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी जी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संस्कृति पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग मध्यप्रदेश शासन क्षेत्र वासियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ जनपद जबेरा के ग्राम कलुमर पहुंचे जहां से उन्होंने सभी के साथ 03 किलोमीटर लंबी पथरीली दुर्गम घाटियों पर पैदल यात्रा निकाली और मध्य प्रदेश की 752 मीटर की द्वितीय सबसे ऊंची चोटी सद्भावना शिखर पहुंचे और पर्यटन की दृष्टि से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा की मंत्री श्री लोधी ने कहां बहुत से लोगों को इस शिखर की जानकारी प्राप्त नहीं थी इसलिए सभी के साथ पहुंचा हू हमारे क्षेत्र में ऐसे विभिन्न स्थान है जहां प्रकृति की गोद में स्वच्छ वातावरण में पर्यटन स्थलों के विकास की संभावना है आने वाले समय में ऐसे स्थानों को चिन्हित कर विकास कार्य किए जाएंगे जिससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

यात्रा के पश्चात सभी क्षेत्रवासियों के साथ ग्राम दोनी श्री हनुमान मंदिर पहुंचे जहां सभी नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्षों को पुष्पमाला एवं शाल श्रीफल से सम्मानित कर शुभकामनाएं प्रेषित की।

मंत्री श्री लोधी ने कहा कि आप सभी ने पार्टी के रीती नीती को जन जन तक पहुंचाने का कार्य किया है और पार्टी ने आप सभी के कार्यों को देखते हुए मंडल अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया है मुझे विश्वास है कि आप सभी भारतीय जनता पार्टी के हित में लगातार कार्य करेंगे पूर्व मंडल अध्यक्ष से कहा कि आप सभी के मार्गदर्शन में नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष कार्य करेंगे। मंचीय कार्यक्रम कार्यक्रम के पश्चात सभी क्षेत्रवासीय एवं कार्यकर्ताओं के साथ मंत्री ने सहभोज किया ।

# जैविक खाने के दो फायदें, पहला शरीर स्वस्थ्य और दूसरा किसान आर्थिक रूप से समृद्ध होंगे-सांसद श्री लोधी

**-यहां पर आकर जैविक उत्पाद लेकर उपयोग करें-डॉं रामकृष्ण कुसमरिया**

**-जैविक हाट बाजार में किसानों को प्रोत्साहित करने पहुँचे सांसद श्री लोधी, पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉं कुसमरिया**

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह 22 दिसंबर। जैविक हाट बाजार में किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए सांसद राहुल सिंह लोधी, पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉं रामकृष्ण कुसमरिया जटाशंकर परिसर पहुँचे। इस दौरान सांसद राहुल सिंह लोधी ने कहा जटाशंकर पर जैविक हाट बाजार जिसमें बिना यूरिया खाद की सब्जी, मिलेट्स, मक्के, रागी का आटा आदि के लिए जटाशंकर में बाजार खुला हुआ हैं, इसके लिए समस्त जनप्रतिनिधियों और जिला प्रशासन को बधाई और धन्यवाद देता हूं। उन्होंने सभी से आग्रह करते हुए कहा रविवार के दिन यहां पर जैविक खाद्य बाजार संचालित होता है, स्वस्थ और अच्छा भोजन पाने के लिए जैविक और उन्नत तरीके से खेती करके जो खाद्यान्न यहां पर मिलता है उसे यहां से खरीदें, इससे दो फायदे होंगे एक तो हम शारीरिक रूप से तंदुरुस्त होंगे और दूसरा जो किसान और एन जी ओ काम कर रहे हैं वह भी आर्थिक रूप से समृद्ध होंगे। सभी दमोह जिले के लोगों से आग्रह है यहां पर आए और देशी उत्पादकों को यहां से खरीदें और इस्तेमाल करें। सांसद श्री लोधी और आयोग अध्यक्ष डॉं कुसमरिया ने जैविक हाट बाजार में किसानों से की खरीदारी।

इस अवसर पर मध्यप्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया ने कहा खेतों में जैविक पैदावार अन्न, फल उत्पादन होने लगा है, अब इसका मार्केट भी खुल गया है। अब लोग ढूंढ-ढूंढ कर जैविक और प्राकृतिक खेती से उत्पादित कुटकी, बाजरा, मक्का, गेहूं चना ले रहे है। उन्होंने कहा आज हम जहर मुक्त अन्न खा रहे हैं इसलिए बधाई देते हैं कि जटाशंकर में भगवान भोलेनाथ के दरबार से यह जैविक हाट शुरू हुआ है। उन्होंने सभी से आग्रह करते हुए कहा यहां पर आकर जैविक उत्पाद लेकर उपयोग करें और अपनी सेहत ठीक करें और वातावरण को बदलें। प्रभारी कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत अर्पित वर्मा ने कहा जिला प्रशासन और कृषि विभाग का बहुत बड़ा योगदान हैं, इन्होंने मिलकर एक प्लेटफार्म तैयार किया जहां पर दमोह जिले के उन्नत किसान जो जैविक तरीके से खेती कर रहे हैं, उनको बढ़ावा देने के लिए हम सभी ने उन्हें एक प्लेटफार्म दिया है। उन्होंने कहा सांसद जी ने यहां पर सांसद निधि से मूलभूत सुविधाओं को पूरा करने के लिए कहा है, यहां पर जो किसान भाइयों की जो भी दिक्कतें हैं वे सांसद निधि से निराकृत की जाएगी। उप संचालक कृषि जितेन्द्र सिंह राजपूत ने कहा जटाशंकर में प्रत्येक रविवार को प्रातः 11 बजे से लेकर अपराह्न 4 बजे तक जैविक और प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों के उत्पाद की स्टाल यहां पर लगाये जाते हैं। सभी से आग्रह करते हुए कहा इन किसानों की प्रोत्साहन के लिए सभी यहां पर आकर विजिट करें और स्वस्थ रहने के लिए जैविक उत्पाद का उपयोग करें।

# पंजाब और हरियाणा से ज्यादा आर्थिक समृद्धि बुंदेलखंड में आ जाएगी-सांसद दमोह श्री सिंह

**-सिंचाई का लक्ष्य एक करोड़ हेक्टर की दिशा में सरकार तेजी से कार्य कर रही है-विधायक श्री मलैया**

**-योजना हमारे पूरे बुंदेलखंड को पानी से तरबतर करेगी-पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष डॉं कुसमरिया**

**-केन-बेतवा लिंक परियोजना समीक्षा बैठक सम्पन्न, दिए गये अहम दिशा-निर्देश**

**-केन-बेतवा लिंक पयियोजना से हटा एवं पटेरा के 266 ग्राम लाभान्वित होंगे**

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह 22 दिसंबर। सांसद दमोह राहुल सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में केन-बेतवा लिंक परियोजना की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। सांसद श्री लोधी ने कहा अटल बिहारी वाजपेई जी ने नदी जोड़ो अभियान को लेकर जो संकल्प लिया था उस संकल्प को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी साकार करने वाले हैं। 25 दिसंबर को केन बेतवा लिंक परियोजना का शिलान्यास होने वाला है, यह हमारे संपूर्ण बुंदेलखंड को आर्थिक रूप से समृद्ध करेगा। आगामी 25 दिसंबर को प्रधानमंत्री जी का आगमन खजुराहो में हो रहा है, व्यवस्थित रूप से यहां के लोग खजुराहो पहुंचेगें और व्यवस्थित रूप से उनकी वापसी हो जाए। इस अवसर पर पूर्व मंत्री एवं दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया, पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉं रामकृष्ण कुसमरिया, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रीतम सिंह लोधी, प्रभारी कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत अर्पित वर्मा विशेष रूप से मौजूद रहे।



सांसद श्री लोधी ने कहा दमोह जिले के हटा और पटेरा मंडल के 266 गांव शामिल है, बुंदेलखंड की जमीन पर खेती इसलिए नहीं हो पाती थी क्योंकि पानी नहीं था, जब यह परियोजना तैयार होगी और पानी पहुंचेगा तब पंजाब और हरियाणा से ज्यादा आर्थिक समृद्धि बुंदेलखंड में आ जाएगी।

पूर्व वित्त मंत्री एवं दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया ने कहा कि प्रदेश में पूर्व में 07-50 लाख हेक्टर क्षेत्र में सिंचाई हुआ करती थी, प्रदेश की भाजपा सरकार आने के बाद अभी 45 लाख हैक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई हो रही है और जिसे बढ़ाकर अब लक्ष्य एक करोड़ हेक्टर में सिंचाई का हैं, इस दिशा में सरकार तेजी से कार्य कर रही है।

मध्य प्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया ने कहा केन-बेतवा लिंक परियोजना से अनेक किसान लाभान्वित होंगे, लोगों को इसका पूरा लाभ मिलेगा, पीने के पानी की समस्या हल हो जाएगी। यह योजना हमारे पूरे बुंदेलखंड को पानी से तरबतर करेगी।

इस अवसर पर प्रभारी कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत अर्पित वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस परियोजना के तहत जिले के हटा एवं पटेरा के 266 ग्राम लाभान्वित होंगे। इस अवसर पर पावर पांइट के माध्यम से केन-बेतवा लिंक परियोजना सबंधी आवश्यक जानकारी दी गई।

# बुंदेलखंड की कला एवं संस्कृति को लेकर हुआ जिला स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन

**-बुंदेलखंड की समृद्ध कला एवं संस्कृति से परिचित हुए हजारों विद्यार्थी**

**-जिले भर में करेंगे लगभग 15 हजार विद्यार्थी सहभागिता**

दमोह। बुंदेलखंड की कला एवं संस्कृति को समर्पित आयोजन जिला स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता दी जीनियस ऑफ दमोह 2024-25 का आयोजन म. प्र. जन अभियान परिषद दमोह से संबद्ध संस्था छात्र सर्व कल्याण समिति दमोह द्वारा छात्र क्रांति दल के सहयोग से जिले के यूथ अचीवर्स एवं आयोजन समिति अध्यक्ष कृष्णा पटेल के नेतृत्व में किया गया प्रतियोगिता का प्रथम सत्र आज दमोह विधानसभा क्षेत्र से प्रारंभ हुआ है जिसके अंतर्गत शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय दमोह, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बांदकपुर, मुड़िया, मारुताल, बांसा तारखेडा, अभाना एवं हाई स्कूल लक्ष्मणकुटी में छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिता में सहभागिता की है। दमोह जिला मुख्यालय स्थित परीक्षा केंद्र शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय दमोह पर प्रतियोगिता का शुभारंभ मध्य प्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष एवं पूर्व कृषि मंत्री डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया, दमोह जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव, वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार नरेंद्र दुबे, अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष आलोक श्रीवास्तव, जटाशंकर धाम दमोह के महंत पंडित मोनू पाठक, भाजपा जिला महामंत्री सतीश तिवारी, दमोह एसडीएम आर एल बागरी, जन अभियान परिषद विकासखंड समन्वयक वंदना जैन, नेहरू युवा केंद्र लेखपाल तेजखान प्रतियोगिता जिला प्रभारी नितिन सिंह राजपूत द्वारा किया गया। इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह प्रतियोगिता निश्चित रूप से आप सभी के बौद्धिक ज्ञान में वृद्धि करने का काम करेगी संस्था के माध्यम से प्रतिवर्ष प्रतियोगिता का आयोजन होता है हजारों की संख्या में विद्यार्थी शामिल होते हैं निश्चित रूप से आयोजन अभूतपूर्व है सभी विद्यार्थियों और आयोजन समिति को शुभकामनाएं देता हूं। दमोह जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता पटेल ने कहा कि संस्था के माध्यम से बहुत अच्छा कार्य निरंतर किया जा रहा है छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए इस प्रकार के रचनात्मक कार्यक्रम बहुत आवश्यक है हमारी संस्कृति को जानने का इससे अच्छा अवसर और कोई नहीं हो सकता है मैं अपनी ओर से सभी को बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं देती हूं। वरिष्ठ साहित्यकार नरेंद्र दुबे ने कहा कि हमारे बुंदेलखंड की कला और संस्कृति अत्यंत समृद्ध है प्रतियोगिता के माध्यम से हजारों की संख्या में इन छात्र-छात्राओं को इसे जानने और समझने का अवसर मिलेगा मैं आयोजन समिति को इस बात के लिए बधाई देता हूं कि उन्होंने इस विषय को चुना है साथ ही उन सभी सहभागिता करने वाले बच्चों को भी हृदय से बधाई देता हूं जिन्होंने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए इसमें बढ़-चढ़कर सहभागिता की है। कार्यक्रम के अंत में आयोजन समिति के अध्यक्ष कृष्णा पटेल ने कहा कि आज दमोह विधानसभा क्षेत्र में परीक्षा आयोजित हुई है आगामी 29 दिसंबर 2024, दिन रविवार को पथरिया, बटियागढ़, फुटेरा, नरसिंहगढ़, हटा, पटेरा, कुम्हारी , जबेरा, नोहटा, तेजगढ़ तेंदूखेड़ा सहित अन्य केंद्रों पर परीक्षा आयोजित होगी आज प्रथम सत्र को सफल बनाने के लिए सभी सहयोगियों का हम बहुत-बहुत आभार व्यक्त करते हैं । इस अवसर पर आयोजन समिति अध्यक्ष कृष्णा पटेल, आयोजन जिला प्रभारी नितिन सिंह राजपूत, रोहित जैन, शैलेश दुबे रामसेवक सिंह लोधी, प्रदीप शर्मा, चंद्रपाल परिहार, शंकर गौतम, आशीष चौरसिया, मधुर असाटी हेमंत उठया, उदित कुर्मी आयोजन समिति के अनेक पदाधिकारी, विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक, शिक्षिकाओं, सीएमसीएलडीपी के विद्यार्थी, परामर्शदाता एवं विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियो की उपस्थिति रही।

# बीएसए कॉलेज में हर्षोल्लास से मनाया गया 69वां स्थापना दिवस एवं दीक्षांत समारोह




**आलोक तिवारी**

परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा। बीएसए कॉलेज में 69वां स्थापना दिवस एवं दीक्षांत समारोह भव्यता और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्री अरुण पांचजन्य, विभाग प्रचारक, मथुरा; कार्यक्रम अध्यक्ष श्री जयंती प्रसाद अग्रवाल, अध्यक्ष, अग्रवाल शिक्षा मंडल; प्राचार्य डॉ. ललित मोहन शर्मा; तथा विशिष्ट अतिथि श्री देवेंद्र गर्ग, श्री महेश बंसल और श्री अनुज गर्ग ने मां सरस्वती व बाबू शिवनाथ जी के चित्र पर दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण करके किया। छात्राओं ने सरस्वती वंदना और स्वागत गान प्रस्तुत कर माहौल को भक्तिमय बना दिया। दीक्षांत समारोह के अंतर्गत स्नातक और परास्नातक कक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 50 छात्र-छात्राओं को स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक के साथ प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। खेल और एनसीसी में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि श्री अरुण पांचजन्य ने अपने संबोधन में भारतीय समाज में सेवा भावना के महत्व को रेखांकित करते हुए छात्रों को राष्ट्रबोध, समाजबोध और आत्म अनुशासन का पाठ पढ़ाया। प्राचार्य डॉ. ललित मोहन शर्मा ने बाबू शिवनाथ जी के योगदान का स्मरण करते हुए उन्हें सच्चे अर्थों में महर्षि बताया। कार्यक्रम अध्यक्ष श्री जयंती प्रसाद अग्रवाल ने महाविद्यालय के लिए अग्रवाल शिक्षा मंडल की निरंतर सहायता का आश्वासन दिया।

स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में छात्र-छात्राओं ने गणेश वंदना, द्रौपदी चीरहरण, श्री राधा-कृष्ण लीला और होली नृत्य जैसी रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिसने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षा संकायाध्यक्ष डॉ. बीके गोस्वामी ने किया।

कार्यक्रम में अन्य प्रमुख अतिथियों में श्री दीपक भरतिया, अभिजीत जी, दलबीर सिंह, डॉ. वीरी सिंह, डॉ. अजय राजावत, डॉ. अशोक कौशिक, श्री शैलेष मिश्रा एवं महाविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. एसके सिंह, डॉ. बबीता अग्रवाल, डॉ. मधु त्यागी, डॉ एस के राय, डॉ संजय कटारिया, डॉ रवीश शर्मा , डॉ बीपी राय, डॉ आनंद त्रिपाठी,डॉ रेखा राय, डॉ रुचि अग्रवाल, डॉ सुनीता शर्मा, डॉ अनु अग्रवाल सहित महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक, कर्मचारी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# सिक्किम से प्रणामी संप्रदाय का दल आया बागेश्वर धाम, महाराज श्री से भेंट को बताया अविस्मरणीय

## महाराज श्री ने विवाह महोत्सव का दिया निमंत्रण

छतरपुर। प्रणामी संप्रदाय का एक दल सिक्किम से पन्ना होते हुए बागेश्वर धाम पहुंचा। दल के सदस्यों ने जब बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर महाराज श्री से भेंट किया तो उनकी यह भेंट अविस्मरणीय रही। दल के सदस्यों ने कहा कि वह कभी सपने में भी नहीं सोच रहे थे कि उन्हें बागेश्वर महाराज के इतने आसानी से दर्शन मिल सकेंगे। महाराज श्री ने दल के सभी सदस्यों को आशीर्वाद देते हुए महाशिवरात्रि को होने वाले विवाह महा महोत्सव में शामिल होने का निमंत्रण दिया।



पूर्वोत्तर भारत के प्रांत सिक्किम से आए दल के सदस्य तुलसी शर्मा ने बताया कि वह प्रणामी संप्रदाय से जुड़े हैं और महामति भगवान प्राणनाथ के दर्शन करने पन्ना आए थे। बालाजी की प्रेरणा से सब का विचार बागेश्वर धाम आने का बना। सभी ने एक स्वर में बागेश्वर धाम चलने की बात कही। उन्होंने कहा कि टीवी और मोबाइल के माध्यम से महाराज श्री के कार्यों के बारे में उन सबको जानकारी होती रहती है, लेकिन यह परम सौभाग्य है कि उन्हें महाराज श्री के साक्षात दर्शन करने का अवसर मिला। दल के एक अन्य सदस्य सुभाष ने कहा कि महाराज प्राणनाथ जी ने ही हमें प्रेरणा दी कि वह सभी सदस्य बागेश्वर धाम अवश्य जाएं। दार्जिलिंग से आए एक अन्य सदस्य धुर्वा अधिकारी ने अपने अनुभव बताते हुए कहा कि उन्हें अभी भी विश्वास नहीं हो रहा कि वह हिंदुत्व की अलग जगाने वाले महाराज श्री के सामने बैठे रहे।

***सिक्किम में भी बनेगा बागेश्वर धाम शिष्य मंडल***

सिक्किम से आई एक शिक्षिका ने कहा कि पन्ना में दर्शन के दौरान बागेश्वर धाम चलने का विचार बना। सोशल मीडिया के माध्यम से उन्होंने बागेश्वर धाम के बारे में सुना था लेकिन जब से महाराज श्री से भेंट हुई तब से उन्हें एक अलग ही अनुभूति हो रही है यह अनुभूति शब्दों में नहीं कहीं जा सकती। उन्होंने कहा कि महाराज श्री की अनुमति से सिक्किम में भी बागेश्वर धाम शिष्य मंडल का गठन किया जाएगा। दाल की एक अन्य महिला सदस्य ने कहा कि महाराज श्री के दरबार में लाखों लोगों की भीड़ देखकर मैंने तो कल्पना भी नहीं की थी कि मुझे महाराज श्री के इतने नजदीक से दर्शन मिल सकेंगे लेकिन ईश्वर की कृपा है और महाराज श्री का स्नेह है जो हम सबको उन्होंने आशीर्वाद दिया। महिला ने कहा कि महाराज श्री से सिक्किम आने का आग्रह किया गया है जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया है।

# रहवासी इलाके में पहुंचा जंगली सांभर

छतरपुर। रविवार की सुबह शहर के चौबे कॉलोनी स्थित आईटीआई कॉलेज के समीप जंगली सांभर दिखाई, जिसके बाद सांभर देखने के लिए मौके पर लोगों की भीड़ एकत्रित होने लगे। वहीं जब इस बात की जानकारी वन विभाग को मिली तो तुरंत विभाग का एक दल सांभर का रेस्क्यू करने के लिए मौके पर पहुंच गया। कई घंटों तक वन विभाग की टीम सांभर को पकड़ने का प्रयास करती रही रही लेकिन सांभर की फर्ती के सामने कर्मचारियों के सारे प्रयास विफल रहे। कुछ घंटों बाद सांभर अपने आप ही जंगल की ओर निकल गया। वन विभाग के रेंजर बीएस कोल ने बताया कि सुबह के समय छतरपुर के रहवासी इलाके में सांभर दिखाई देने की सूचना मिली थी, जिसके बाद वे अपनी टीम के साथ रेस्क्यू करने पहुंचे थे लेकिन सांभर अपने आप ही जंगल की ओर चला गया है।

# नव वर्ष से पहले बांके बिहारी मंदिर प्रशासन ने की भक्तों से अपील

## बीमार, वृद्ध, और बच्चों को साथ लाने से बचें, मंदिर प्रशासन ने की एडवाइजरी जारी

परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा नए साल पर ठाकुर श्रीबांके बिहारी के दर्शन करने के लिए देश-विदेश से श्रद्धालु आएंगे। भीड़ के दबाव के बीच श्रद्धालुओं की तबीयत खराब न हो इसके लिए बांकेबिहारी मंदिर प्रबंधन ने एडवाइजरी जारी की है। इसमें नववर्ष के मौके पर 10 दिन बुजुर्ग, बच्चे, बीमार और गर्भवती महिला श्रद्धालुओं से मंदिर न आने की सलाह दी है। बांकेबिहारी मंदिर के प्रबंधक मुनीश कुमार शर्मा ने बताया कि नववर्ष पर 25 दिसंबर से 5 जनवरी तक श्रद्धालुओं की भीड़ आराध्य बांकेबिहारी के दर्शन के लिए उमड़ेगी। देशभर से आने वाले श्रद्धालु वृंदावन आने से पहले भीड़ के आंकलन करने और पता लगाने के बाद ही आएं।



वह भीड़ का हिस्सा न बनें। मंदिर प्रबंधन ने भीड़ के समय मंदिर में वृद्ध, दिव्यांग, छोट बच्चे, ब्लड प्रेशर, शुगर, हृदय रोगी एवं बीमार श्रद्धालुओं से मंदिर न आने को कहा है। इसके अलावा उन्होंने खाली पेट न आने और आवश्यक दवाएं साथ लाने की सलाह दी है। प्रबंधक ने अपील की है कि श्रद्धालु अपने परिजनों की जेब में घर का पता एवं मोबाइल नंबर लिखी पर्ची रखें, ताकि भीड़ में बिछुड़ने पर सहायता मिल सके। श्रद्धालु जेबकतरों, चेन स्नेचरों, मोबाइल चोरों से सावधान रहें। भीड़ के समय वह अनावश्यक समस्याओं से बचने के लिए निर्धारित प्रवेश मार्ग दो और तीन नंबर गेट से ही प्रवेश करें। मंदिर से निकलने के लिए निकास द्वार से ही निकलें।

श्रद्धालुओं को यह भी बताया गया है कि मंदिर द्वारा खोया-पाया केंद्र मंदिर के गेट दो एवं बांकेबिहारी पुलिस चौकी पर बनाया गया है। मंदिर में कोई भी सामान लेकर नहीं आएं। बांकेबिहारी मंदिर के प्रबंधक ने बताया कि नववर्ष पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने के लिए मंदिर आते हैं। भीड़ में श्रद्धालुओं को किसी तरह की असुविधा का सामना न करना पड़े, इसलिए एडवाइजरी जारी की गई है।

# जिला दंडाधिकारी ने 30 आरोपियों के विरुद्ध जिला बदर का नोटिस किया जारी

छतरपुर। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी छतरपुर पार्थ जैसवाल ने एसपी छतरपुर के प्रतिवेदन पर थाना ईशानगर अंतर्गत निवासी लक्ष्मनपुरा अनावेदक रूपसिंह यादव पिता दत्ती यादव, थाना बंशीया अंतर्गत निवासी व्यास बदौरा जानकी उर्फ बफ्फा दुबे पिता सरजू दुबे, निवासी व्यास बदौरा रामसेवक उर्फ कुच्ची दुबे पिता जानकी दुबे, थाना बमीठा अंतर्गत निवासी बमारी खुन्नू राजा उर्फ विकाश सिंह पिता इन्द्रजीत उर्फ इन्द्रपाल सिंह बुन्देला, निवासी बमारी ब्रजेन्द्र सिंह उर्फ हल्के राजा पिता महेन्द्र सिंह बुन्देला, थाना बमनौरा अन्तर्गत निवासी दलीपुर गौरव प्रताप सिंह उर्फ वाणीराजा पिता हरिप्रताप सिंह ठाकुर, थाना बडामलहरा अंतर्गत निवासी बडामलहरा मंजू उर्फ अरविंद पटैरिया पिता कमलापत पटैरिया, थाना कोतवाली अंतर्गत निवासी छतरपुर हरगोविन्द तिवारी उर्फ छोटू पण्डित पिता कमलेश तिवारी, मुकेश कुशवाहा उर्फ मुक्के कुशवाहा पिता रामप्रसाद कुशवाहा, अन्नू उर्फ अनुरूद्ध सिंह घोष पिता उधव उर्फ उदे, आफताब उर्फ शालू खान पिता गनी खान, थाना सिविल लाईन अंतर्गत निवासी छतरपुर सोनू सूटर उर्फ सोनू पिता राधेलाल अहिरवार, अरबाज खान पिता लियाकत खान, थाना महाराजपुर अंतर्गत निवासी महाराजपुर सलमान खान पिता हसन खान, थाना बिजावर अंतर्गत निवासी एरोरा, उमेश दुबे पिता स्व. श्री बारेलाल दुबे, थाना हरपालपुर अंतर्गत निवासी अमां विक्रम सिंह यादव पिता अतर सिंह यादव, थाना चंदला अंतर्गत निवासी चंदला अशोक विश्वकर्मा पिता रामदीन विश्वकर्मा, थाना जुझारनगर अंतर्गत निवासी खेरा सूरेन्द्र सिंह पिता भगवत सिंह खेरा, बीरेन्द्र सिंह उर्फ बब्बू सिंह पिता रामऔतार सिंह, थाना नौगांव अंतर्गत निवासी सिंगरावन कलां,विरख उर्फ बृष उर्फ विजय यादव पिता गुलाब सिंह यादव,निवासी झींझन बृजेन्द्र यादव पिता भुल्ला उर्फ भोला यादव, दीपक राय पिता रज्जू उर्फ राजाराम, निवासी दौरिया रमेश यादव पिता छिद्दी यादव, थाना अलीपुरा अंतर्गत निवासी करारागंज मूरत यादव पिता स्व. खुमान यादव, मक्खन कुशवाहा पिता लक्षमन कुशवाहा, निवासी टीला धीरज यादव पिता अमर सिंह यादव टीला, निवासी बृजकिशोर यादव पिता स्व. नारायणदास यादव, थाना गढ़ीमलहरा अंतर्गत निवासी पिडपा धीरेन्द्र उर्फ गन्नू यादव पिता घासीराम यादव, थाना गुलगंज अंतर्गत निवासी गोरा राय साब पिता हरपाल सिंह ठाकुर,थाना लवकुशनगर अंतर्गत निवासी लवकुशनगर अमन चंसोरिया पिता स्व. श्री राकेश चंसोरिया के विरुद्ध जिला बदर करने के संबंध में कारण बताओ नोटिस जारी किया है। नोटिस में कहा गया कि उक्त आरोपी गम्भीर प्रकृति के हिंसा पूर्ण क्रियाकलापों में आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों के साथ लिप्त रहकर क्षेत्रीय जनता में भय एवं आतंक फैलाने के विचार से अपराध कारित करता है और भविष्य में भी संबंधित के द्वारा इस प्रकार के अपराधों के घटित होने की प्रबल संभावना है। इस प्रकार से आपराधिक रिकार्ड एवं आपराधिक कृत्यों तथा गतिविधियों के कारण आम नागरिक के मानव शरीर को सन्त्राश एवं भय की भावना उत्पन्न है, जिससे जनजीवन एवं जन-सम्पत्ति को खतरा उत्पन्न होकर लोकशांति भंग हो रही है। इस संबंध में जारी नोटिस का जवाब 27 दिसंबर 2024 को कलेक्टर न्यायालय में दोपहर 3 बजे समक्ष में प्रस्तुत कर बताएं कि क्यों ना म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3/5/6 के अन्तर्गत एक वर्ष के लिए छतरपुर जिले एवं समीपवर्ती सीमा पर लगे हुए जिलों की भौगोलिक सीमाओं से निष्कासित कर दिया जाए।

# लक्ष्य व दिशा सही हो तो समस्त बांधाएं हो जाती हैं दूर- उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल

## विंध्य की उड़ान एवं विंध्य विस्तार सम्मान समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को किया सम्मानित



परिहार गर्जना न्यूज। भोपाल 22 दिसम्बर। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि विन्ध्य में विकास की अपार संभावनाओं के अनुरूप विकास कार्य किये जा रहे हैं। लक्ष्य व दिशा सही हो तो बांधाएं अपने आप ही दूर हो जाती हैं। जनप्रतिनिधियों का दायित्व है कि वह जनता को परिणाम दें। विन्ध्य में हरित, औद्योगिक व पर्यटन क्रांति से आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त हो रहा है। वह दिन दूर नहीं जब रीवा जिले की एक-एक इंच भूमि सिचिंत होगी। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि नदी जोड़ो अभियान के सार्थक परिणाम सामने आयेंगे और प्रदेश में सम्पन्नता आयेगी। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विश्वविद्यालय रीवा कैम्पस के बलदेव सिंह सभागार में विस्तार न्यूज चैनल द्वारा आयोजित विन्ध्य की उड़ान एवं विन्ध्य विस्तार सम्मान समारोह को सम्बोधित कर रहे थे।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री एवं श्रम मंत्री और रीवा जिले के प्रभारी मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल, राज्य मंत्री नगरीय विकास एवं आवास श्रीमती प्रतिमा बागरी ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विशिष्ट जनों को शाल श्रीफल व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने विन्ध्य की विभूतियों को शुभकामनाएँ दी तथा उज्जवल भविष्य की कामना की। सांसद रीवा श्री जनार्दन मिश्र, विधायक मैहर श्री श्रीकांत चतुर्वेदी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

***संसाधनों के साथ विंध्य के नागरिकों का जज़्बा क्षेत्र को विकास के मार्ग में कर रहा अग्रसर- मंत्री श्री पटेल***

मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि विन्ध्य में जल, जंगल की उपलब्धता के साथ ही यहां के लोगों में जज्बा है। खनिज की प्रचुरता व परिवहन सुविधाओं से यह क्षेत्र विकास के मार्ग पर अग्रसर है। गंगाजी के निकट से जुड़े इस क्षेत्र में संसाधनों की कमी नहीं है। आने वाले समय में विन्ध्य देश में अपना अग्रणी स्थान रखेगा। उन्होंने कहा कि विकास सामर्थ्य को बढ़ाता है। युवा पीढ़ी को आने वाले खतरे से सचेत रहते हुए नशे से दूर रहना होगा तभी सुनहरे कल का उदय होगा। उन्होंने रीवा व विन्ध्य क्षेत्र के उज्जवल भविष्य के लिये शुभकामनाएँ दी। राज्य मंत्री श्रीमती बागरी ने कहा कि विन्ध्य तेजी से विकास के मार्ग पर अग्रसर है। विकास, अधोसंरचना निर्माण व अन्य क्षेत्रों में सरकार के सहयोग से विन्ध्य उड़ान भर रहा है।



# किसान मोर्चा ने की प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में शामिल होने की अपील

## जिला मुख्यालय पर निकली विशाल बाइक रैली



छतरपुर। आगामी 25 दिसंबर को खजुराहो में आयोजित होने जा रहे केन-बेतवा लिंक परियोजना के शिलान्यास समारोह में आ रहे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम को लेकर भारतीय जनता पार्टी द्वारा लगातार तैयारियां की जा रही हैं। इसी क्रम में रविवार को भाजपा किसान मोर्चा द्वारा जिला मुख्यालय पर विशाल वाहन रैली निकालकर लोगों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की गई।

किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष बॉबी राजा के नेतृत्व में निकाली जा रही उक्त रैली को छतरपुर विधायक ललिता यादव ने भाजपा कार्यालय से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, साथ ही वे स्वयं भी रैली में बाइक पर सवार होकर लोगों से अपील करने के लिए निकलीं। किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष बॉबी राजा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथ से बुंदेलखंड को अब तक की सबसे बड़ी सौगात मिलने जा रही है, जो कि ऐतिहासिक क्षण होगा, इसलिए आम जनमानस से शिलान्यास समारोह में शामिल होने का आवाहन किया जा रहा है। रैली के दौरान नारे लगाते हुए लोगों से 25 दिसंबर को खजुराहो पहुंचने की अपील की गई।

# महेश मुनीम बने दादा

छतरपुर। शहर के जाने माने मुनीम मुन्नी लाल दुबे के भतीजे एवं महेश मुनीम के सुपुत्र आयकर अधिवक्ता संघर्ष दुबे की पत्नी श्रीमती अल्का दुबे ने 21 दिसम्बर को सुबह 10 बजे मिशन अस्पताल में एक सुंदर एवं स्वस्थ्य बच्चे को जन्म दिया। दुबे परिवार के आंगन में एक नये सदस्य की किलकारिया बजते ही परिवार की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। मुनीम बंधुओं द्वारा इस खुशी के मौके पर इष्टमित्रों को मिष्ठान खिलाकर खुशी का इजहार किया गया। मुन्नी मुनीम एवं महेश मुनीम के दादा एवं संघर्ष दुबे के पापा बनने पर उनके इष्टमित्रों एवं शुभचिंतकों एवं व्यापारी भाईयों द्वारा बधाईयां दी जा रही है। दैनिक परिहार गर्जना परिवार द्वारा भी बधाई।



# ट्रेक्टर ट्राली पलटने से मौके पर दो की दर्दनाक मौत



**प्रकाश मिश्रा /चंद्रभान प्रजापति**

परिहार गर्जना न्यूज। गौरिहार। गौरिहार अनुविभागीय क्षेत्र के गोयरा थानान्तर्गत कन्दैला गाँव में स्थित शासकीय हाई स्कूल के समीप शनिवार - रविवार की रात करीब नौ बजे तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रेक्टर -ट्राली पलटने से उसमे सवार दो अधेड़ की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते रोज सरवई निवासी बिहारी दीक्षित अपने ट्रेक्टर ट्राली में दो अधेड़ जनों के साथ पड़ोसी राज्य उत्तरप्रदेश के गिरमा कस्बे से पियांर ( सूखा चारा)लेकर सरवई वापिस आ रहा था।इसी बीच ट्रेक्टर -ट्राली जैसे ही गोयरा थानान्तर्गत कन्दैला गाँव में स्थित शासकीय हाई स्कूल के समीप रात करीब नौ बजे पहुंचा तो चालक की लापरवाही के चलते पलट गया। उक्त हादसे में ट्रेक्टर ट्राली में सवार रामकुमार अहिरवार पिता कल्लू अहिरवार उम्र 55वर्ष एवं राममिलन पान्डे पिता लल्लू पान्डे उम्र 51वर्ष दोनों निवासी सरबई नीचे दब गए जिसमे उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।घटना की जानकारी मिलते ही डायल 100 के चालक बीरेंद्र व संबंधित थाना के आरक्षक मौके पर पहुंचे,जहां से उन्होंने मौके पर हुए सड़क हादसे व मृतकों की जानकारी विभागीय वरिष्ठ अधिकारियों को दी।

घटना के संबंध में गोयरा थाना के एएसआई उमेश सिंह ने बताया कि कन्दैला में बीती रात एक सोनालिका डीआई 47 दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। जिसमे दो की मौत हो गई है। ट्रेक्टर को थाना में रखवा दिया गया है। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

# रहस्मयी ढंग से लापता हुआ युवक, जांच में जुटी पुलिस

## पत्नी ने कहा- लापता होने से पहले मिली थी जान से मारने की धमकी

छतरपुर। रविवार को शहर के सिविल लाइन थाना पहुंची एक महिला ने शिकायत करते हुए बताया कि उसका पति शनिवार से लापता है और उसके गायब होने से पहले जमीनी विवाद के चलते उसके पति को जान से मारने की धमकी मिली थी। पुलिस से शिकायत करते हुए महिला ने पति को खोजने की गुहार लगाई, जिसके बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक सिविल लाइन थाना क्षेत्र के ग्राम गुरइया का रहने वाला मोहन पुत्र स्व. जीवन कुशवाहा खेती-किसानी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता है, लेकिन उसके हिस्से की जमीन पर उसका बड़ा भाई कब्जा करना चाहता है जिस कारण से आए दिन मोहन और उसके बड़े भाई चतुर के विवाद होता रहता है। इसी बीच शनिवार को मोहन रहस्मयी ढंग से लापता हो गया है, जिस कारण से उसकी पत्नी परेशान है। रविवार को थाने पहुंची मोहन की पत्नी ने बताया कि शनिवार की शाम करीब 6 बजे जब मोहन खेत पर काम कर रहा था तभी बड़े भाई चतुर ने उसके साथी गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी थी और इसके बाद से ही मोहन लापता है। पुलिस को आवेदन देकर मोहन की पत्नी ने उसकी तलाश करने की मांग की है। सिविल लाइन थाना प्रभारी वाल्मीकि चौबे ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है, जो भी तथ्य सामने आएंगे उस आधार पर कार्रवाई होगी।

**संपादक मंडल**

अजय परिहार सह संपादक 6232531835, दीपक रैकवार, प्रकाश कठल जिला ब्यूरोचीफ, कानूनी सलाहकार अरविन्द निरंजन एडवोकेट, विक्रम सिंह प्रबंध संपादक 7898634648

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक **रामबाबू सिंह परिहार** द्वारा फज्जू प्रिंटर्स शॉप नं.1 नगर पालिका कॉम्पलेक्स, सर्किट हाउस तिराहा, जवाहर रोड छतरपुर म.प्र.से मुद्रित कराकर कार्या.परिहार गर्जना सर्किट हाउस गेट जवाहर रोड छतरपुर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक-**रामबाबू सिंह परिहार**/ मो.नं.9406730853, 9755204916, 07682-358321